हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 1 दिसंबर 2024



### खबर संक्षेप

#### जलने से वृद्ध की मौत

**राजनांदगांव।** जलने से एक वृद्ध की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत बांकल के एक बाड़ी में वृद्ध जले अवस्था में मिला। जिसकी शिनाख्ति बहुरसिंह निषाद 65 वर्ष के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार घटनास्थल पर एक बोतल में ज्वलंतशील पदार्थ एवं माचिस की डिब्बी भी मिली है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि वृद्ध ने आत्महत्या की है।

## बारिश के आसार के बीच खुले आसमान के नीचे हजारों क्विंटल धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दो-तीन दिनों से मौसम में बदलाव दिखाई दे रहा है। सर्द हवाओं के साथ नमी बनी हुई है। वहीं बारिश के आसार भी नजर आ रहे हैं, लेकिन जिले के 96 धान उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर खरीदे जा रहे धान अब भी खुले में रखे हुए हैं। प्रदेश सरकार द्वारा बीते 14 नवंबर से शुरू की गई धान खरीदी में परिवहन की सुस्त गति के चलते धान खरीदी केन्द्रों में धान का पूरा उठाव नहीं हो पाया है और सैकड़ों क्विंटल धान खरीदी केन्द्रों में जाम है। इसी बीच मौसम में परिवर्तन के बावजूद धान की बोरियों को ढंकने व्यवस्था नहीं की गई है। धान सर्द हवाओं और नमी के बीच खुले में पड़े हुए हैं।

### परिवहन की सुस्त गति के चलते खरीदी केन्द्रों में धान जाम

#### नमी से होगा अंकुरण

धान खरीदी केन्द्रों में खुले में रखें धान को ढंककर नहीं रखे जाने के चलते मौसम में नमी का असर धान पर पड़ सकता है। हल्की बारिश होने की स्थिति में सर्द हवाओं के बीच नमी से धान अंकुरित भी हो सकते हैं। इधर खुले में रखे धान को ढंकने के लिए सभी खरीदी केन्द्रों में कैप कव्हर भेजा गया है, लेकिन समिति प्रबंधक द्वारा धान को ढंका नहीं गया है। ऐसे में अगर अचानक बारिश होती है तो धान भीग सकते हैं।



#### कैप कव्हर होने के बाद भी लापरवाही

धान खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त कैप कव्हर की व्यवस्था होने की बात कही जा रही है, लेकिन मौसम में बदलाव के बाद भी धान को सुरक्षित तरीके से ढंककर नहीं रखा गया है। ऐसे में अगर देर रात बारिश होती है तो एक चौकीदार के भरोसे धान की बोरियों को नहीं ढंका जा सकता है।

#### खुले आसमान के नीचे धान

राजनांदगांव जिले के अधिकांश धान खरीदी केन्द्रों में शेड़ निर्माण नहीं हुआ है। जिसके चलते खुले आसमान के नीचे धान रखे हुए हैं। वहीं सभी खरीदी केन्द्रों में अब तक परिवहन शुरू नहीं हो पाया है। जिसकी वजह से कई केन्द्रों में सैकड़ो क्विंटल धान जाम है। वहीं अब मौसम में बदलाव को देखते परिवहन शुरू कराया जा रहा है। शहर के ढाबा सोसायटी में आज से धान का परिवहन शुरू हुआ है। यहां भी बड़े पैमाने पर धान जाम है।

आयात शुल्क बढ़ने के कारण तेल में लगी आग

## मुनाफाखोरी का खेलः पचास रुपए महंगा हो गया खाद्य तेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खाद्य तेलों में आयात शुल्क बढ़ने के बाद देश के साथ राजनांदगांव जिले सहित प्रदेशभर में मुनाफाखोरी का जमकर खेल चल रहा है। थोक बाजार में सोया और राईसब्रॉन जैसे तेलों की कीमत 135 रुपए हो गई है। वहीं शहर के छोटे थोक कारोबारी इसको 140 रुपए में और चिल्हर कारोबारी 145 से 150 रुपए में बेच रहे हैं। दूसरे तेलों के दाम भी 40 से 50 रुपए तक बढ़ गए हैं, जब सरकार ने अक्टूबर में आयात शुल्क में इजाफा किया था, तो कहा गया था कि तेलों की कीमत ज्यादा से ज्यादा 15 रुपए तक बढ़ेगी, लेकिन कीमत में बहुत ज्यादा इजाफा कर दिया गया है, जो सोया और राईसब्रॉन तेल आयात शुल्क बढ़ने से पहले थोक में 90 रुपए और चिल्हर में 100 रुपए था, वह अब 150 रुपए में बेचा जा रहा है।

केंद्र सरकार ने बीते माह जब से आयात शुल्क में इजाफा किया है, तब से थोक से लेकर चिल्हर बाजार में कीमत में आग लग गई है। हालांकि आयात शुल्क बढ़ने के बाद नया माल आने से पहले ही कीमत में इजाफा कर दिया गया था। पहले कीमत में 20 रुपए और फिर तीस रुपए तक इजाफा किया गया। संभावना थी कि त्यौहारी सीजन दीपावली के बाद कीमत कम होगी, लेकिन कीमत कम होने के स्थान पर और ज्यादा हो गई है। थोक कारोबारियों का कहना है कि उत्पादक ही ज्यादा कीमत पर तेल दे रहे हैं तो हम क्या कर सकते हैं।



#### उत्पादकों ने भी बढ़ाई है कीमत

थोक कारोबारियों का कहना है कि उत्पादक कंपनियों ने ही कीमत बढ़ा दी है तो हम क्या करें। ज्यादातर उत्पादक कंपनियों ने दाम में 35 रुपए का इजाफा किया है। ऐसे में थोक कारोबारी अपना मुनाफा लेकर इसको 40 रुपए महंगा किया है। दूसरे नंबर के थोक कारोबारियों ने इसको 45 रुपए महंगा किया है तो चिल्हर कारोबारियों ने इसको 50 रुपए महंगा किया है। अन्य तेलों के दाम भी बढ़े हैं।

#### हरेली तेल की भी बढ़ा दी कीमत

राईसब्रॉन का हरेली तेल छत्तीसगढ़ में बनता है। जानकारों के मुताबिक इसका आयात शुल्क से दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन इसके बाद भी मौके का फायदा उठाते कारोबारियों ने इसकी कीमत में भी थोक में 40 रुपए का इजाफा कर दिया है तो यह चिल्हर में 50 रुपए महंगा हो गया है। थोक में यह 1620 रुपए में एक पेटी 12 लीटर का पैक मिल रहा है। इसको शहर के थोक कारोबारी 1700 रुपए में बेच रहे हैं। यानी यह तेल भी थोक में 142 रुपए में मिल रहा है। इसको चिल्हर कारोबारी 150 रुपए में बेच रहे हैं। राईसब्रॉन से सारे ब्रांड महंगे हो गए हैं।

#### थोक में 45 रुपए तक बढ़े दाम

खाद्य तेलों में सबसे ज्यादा बिकने वाला सोया और राईसब्रॉन तेल की बात करें तो इसकी कीमत जुलाई में सौ रुपए से कम थी। सोया तेल और राईसब्रॉन थोक में 90 रुपए के आसपास और चिल्हर में 95 से 98 रुपए में बिक रहा था, लेकिन बीते माह त्यौहारी सीजन प्रारंभ होने से पहले इसकी कीमत बढ़ाई गई थी। इसके बाद आयात शुल्क के कारण लगातार कीमत में इजाफा किया जा रहा है। इस समय थोक बाजार में सोया तेल में सबसे ज्यादा बिकने वाला कीर्ति गोल्ड पेटी में 1610 रुपए में मिल रहा है, यानी थोक में कीमत 135 रुपए है। वहीं इसको शहर के थोक कारोबारी अपना पांच रुपए का मुनाफा जोड़कर 1680 से 1700 रुपए में बेच रहे हैं। यानी यह थोक में 140 से 142 रुपए में पड़ रहा है। इसको चिल्हर किराना दुकान वाले शहर से ले जाकर चिल्हर में 150 में बेच रहे हैं। पहले चिल्हर में यह 100 रुपए में बिक रहा था। सरसों तेल पहले चिल्हर में 135 से 140 रुपए था, यह अब 180 रुपए हो गया है। फल्ली तेल 200 रुपए है। यह थोक में 180 से 185 रुपए है।

## बुजुर्ग महिला की हत्या क्षेत्र में फैली सनसनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक बुजुर्ग महिला की हत्या कर दिए जाने से सनसनी फैल गई है। महिला का शव डोंगरगांव नया बस स्टैंड के पीछे देखा गया। घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच पडताल में जुट गई है।


पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार सुबह नया बस स्टैंड काम्पलेक्स के पीछे एवं विद्युत कार्यालय के बीच एक महिला मृत अवस्था में देखी गई। मृतिका की शिनाख्ति डोंगरगांव निवासी रूखमणी साहू उम्र लगभग 70 वर्ष के रूप में की गई है। सुबह लोगों ने जब उक्त महिला को संदिग्ध रूप से मृत अवस्था में देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस अधिकारी एवं डोंगरगांव पुलिस, फारेंसिक टीम, डाग स्कवायड पहुंची ⏩ शेष पेज 12 पर

***राजनांदगांव।** ठंड के मौसम में हरी सब्जियों से बाजार गुलजार है। आसपास की बाड़ियों के अलावा बाहर से भी सब्जियों की भरपूर आवक बनी हुई है। बावजूद इसके सब्जियों के दाम में गिरावट नहीं आई है। जिससे गृहणियों को परेशान होना पड़ रहा है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. कल्याण श्याम वझलवार
हमारी बाल चिकित्सा देखभाल और सेवाएं
- टीकाकरण
- नेबुलाइजेशन
- ओ.पी.डी. (बाह्य रोगी विभाग)
- आई.पी.डी. (इलपेशेंट विभाग)
- CPAP सतत सकारात्मक वायुमार्ग दबाव चिकित्सा
- वेंटिलेटर
- एन.आई.सी.यू. नवजात गहन चिकित्सा इकाई
- पी.आई.सी.यू. बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई
- बिलीकेयर टेस्ट गैर इनवेसिव बिलीरूबिन मापक
- ओटोअकॉस्टिक एमिशन टेस्ट (OAE)
- नवजात बच्चों की सुनने की क्षमता के लिए जाँचें
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

### माय एंगल




## लखोली फ्लाईओवर में बाइक सवार को मालवाहक ने ठोका, युवक की मौत

- दो अन्य घायलों का उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाइक में सवार होकर जा रहे तीन लोगों को लापरवाही से भागती मालवाहक ने ठोकर मार दिया। इस घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वही दो घायल है, जिन्हें उपचार हेतु चिकित्सालय भिजवाया गया।

सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार सुबह लगभग साढ़े 10 बजे करीब लखोली फ्लाई ओवर के पास बाइक में सवार होकर जा रहे लोगों को लापरवाही से भागती मालवाहक-407 डीआई ने ठोकर मार दिया। बताया गया कि दुर्घटना इतनी जबर्दस्त थी कि मौके पर ही बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वही दो गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार हेतु चिकित्सालय में भिजवाया गया। कोतवाली पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है। मृतक का नाम बेदराम 35 वर्ष पदुमतरा निवासी बताया गया है। वहीं घायलों में मनीष 25 वर्ष एवं गीतांश 3 वर्ष है। जिनका उपचार जारी है।

### आटो, ई-रिक्शा चालकों को दी नियमों की जानकारी

## सड़क पर सवारी उतारी तो होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में बढ़ते यातायात दबाव को देखते ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा चालकों की मीटिंग लेकर पुलिस विभाग द्वारा उन्हें यातायात नियमों के पालन को लेकर समझाइए दी गई।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय खेस द्वारा आटो/ई-रिक्शा वाहन चालकों की मीटिंग ली गई। जिसमें आटो संघ अध्यक्ष, डीजल ऑटो संघ रेल्वे स्टेशन एवं अन्य आटो, ई-रिक्शा चालक शामिल हुए।



#### कार्रवाई की चेतावनी

मीटिंग में सभी से कहा गया कि यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

#### सड़क के बीच सवारी नहीं उतारने के निर्देश

मीटिंग में समझाईश दी गई कि निर्धारित ऑटो स्टैंड में ही वाहन खड़ी करें। वहीं यातायात नियमों व सिग्नल का पालन करें। सवारी को निर्धारित आटो स्टैंड से बिठाये एवं सवारी को बीच रोड में वाहन खड़ी कर न उतारें, वाहन रोड किनारे कर निर्धारित स्थान पर ही सवारी उतारने समझाईश दी गई।

#### क्षमता से अधिक सवारी नहीं बिठाने समझाईश

ऑटो, ई-रिक्शा चालकों को यातायात पुलिस द्वारा जारी यूनिक नंबर लगाना अनिवार्य किया गया है। क्षमता से अधिक सवारी नहीं बिठाने एवं आटो, ई-रिक्शा चलाते समय निर्धारित वर्दी पहनने हेतु समझाईश दी गई।



## खबर संक्षेप



### बच्चों ने किया गुरूद्वारा का भ्रमण

**तुमड़ीबोड़।** स्थानीय एरोन जेन्सन मेमोरियल स्कूल के बच्चों ने गुरुद्वारा बंदीछोड़ पातशाही का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा के ज्ञानी नरिंदर सिंह ताज ने बच्चों को सिख धर्म के आध्यात्मिक मूल्यों और सेवा के महत्व को समझाया। उनके संदेश ने बच्चों को जीवन में दान और सेवा करना सिखाया। प्रिंसपल पल्लवी राव ने इस अवसर पर अपने विचार साझा किए और बच्चों को धर्म, संस्कृति और मानवता के प्रति जागरूक बनने प्रेरित किया। भ्रमण के दौरान बच्चों ने पवित्र लंगर प्रसाद का आनंद लिया।

### गड्ढा पाटने में लापरवाही

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत चकनार में नल जल योजना का कार्य प्रगति पर है परन्तु यहां ठेकेदार ने पाईप लाईन विस्तार के लिए सड़क में किए गड्ढों को ठीक से नहीं पाटा है जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। अनुसार पंचायत में नल जल योजना के तहत नई पानी टंकी का निर्माण एवं पाईप लाईन का विस्तार किया जा रहा है। पाईप लाईन डालने के लिए छुईखदान गंड़ई मार्ग को खोद कर पाईप डाला गया है। पाईप लगाने के बाद गड्ढे को मिट्टी मुरूम से ही पाट दिया गया।

### बारदाना के लिए भटक रहे किसान

# समितियों में जाम, संकट में किसानों के धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के 11 दिन में ही उपार्जन केन्द्रों में बंपर धान का स्टाक जमा हो गया है। धान खरीदी केन्द्रों में पहले दिन से धान की आवक हो रही है किन्तु अब तक परिवहन शुरू नहीं हो सका है जिसके चलते धान जाम हो गया है। स्थानाभाव के चलते समितियों को अगले एक- दो दिनों में गंभीर समस्या का सामना करना पड़ेगा। समितियों की बात मानें तो आगामी सप्ताह धान का परिवहन शुरू नहीं हुआ तो खरीदी बंद करना पड़ सकता है।

जानकारी के अनुसार धान उपार्जन केन्द्र कुकुरमुड़ा अतरिया, विचारपुर, बुंदेली, संड़ी, ठाकुरटोला, पैलीमेटा तथा मोहगांव में स्थानाभाव के कारण किसानों का धान खरीदना बंद होने के कगार पर है। खरीदी बंद न हो इसे लेकर समिति लगातार परिवहन की मांग कर रही हैं परन्तु मिलरों की हड़ताल के चलते परिवहन व्यवस्था पूरी तरह ठप्प है। विभाग ने अपने स्तर पर परिवहन शुरू तो किया है किन्तु मौजूदा स्टाक की तुलना परिवहन अपर्याप्त है।



### कहां कितना स्टाक

जानकारी के अनुसार धान खरीदी केन्द्र बुंदेली में 17140 क्विंटल, ठाकुरटोला में 16780 क्विंटल, संड़ी में 15352 क्विंटल, कुकुरमुड़ा अतरिया में 13429 क्विंटल धान का स्टाक है जबकि सभी उपार्जन केन्द्र में तीन से पांच हजार क्विंटल धान के भंडारण का स्थान है। वर्तमान में सभी केन्द्र में बफर लिमिट से दो गुना धान जमा हो गया है जिससे समितियों को स्थानाभाव की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

### चार करोड़ के धान की खरीदी

धान खरीदी के पहले 11 दिनों में 25 फीसदी से अधिक किसान अपना धान बेच चुके हैं। धान उपार्जन केन्द्र बुंदेली में 306 किसानों से 30954232, ठाकुरटोला में 275 किसानों से 308787575, संड़ी में 261 किसानों से 305383688, कुकुरमुड़ा अतरिया में 256 किसानों से 30997176 रूपए का धान खरीदा जा चुका है।

### नहीं मिल रहा बारदाना

धान खरीदी शुरू होने के हफ्ते भर बाद केन्द्रों में बारदाना की समस्या खड़ी हो गई है। क्षेत्र के उपार्जन केन्द्रों में इस सप्ताह किसानों से 50 प्रतिशत बारदाना लेकर धान खरीदी किया गया है। किसानों को बारदाने का प्रति नग 25 रूपए की दर से भुगताने करने की जानकारी दी गई है किन्तु किसान बारदाना के लिए बाजार और दुकानों के चक्कर काट रहे हैं। धान खरीदी को देखते हुए बारदाना की कीमत बढ़ गई है। किसानों ने बताया कि बाजार में कटा फटा बारदाना 25 तो अच्छा बारदाना 35 रूपए में बिक रहा है।

# मनोनयन का विरोध शुरू

## बिना सलाह के सोसायटी में मनोनयन से नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

सेवा सहकारी समितियों में प्राधिकृत अधिकारियों के मनोनयन के साथ विवाद के हालात दिखाई देने लगे हैं। भाजपा कार्यकर्ता अपनी ही पार्टी के नेताओं पर उपेक्षा करने का आरोप लगते हुए मनोनयन पर सवाल उठा रहे हैं।

ब्लाक के अधीन आने वाली सेवा सहकारी समिति कोहका में प्राधिकृत अधिकारी का मनोनयन किया गया है। इस मनोनयन से भाजपा कार्यकर्ता असंतुष्ट हैं। भाजपा से जुड़े विनोद जैन, राकेश मांडले, सागर साहू, विदेशी पटेल, भागवत सिन्हा, पूर्व जनपद सदस्य आत्माराम रात्रे, हीरामन सिन्हा, रेखन वर्मा, भोजकुमार ठाकुर, मनोहर दास साहू, कमलेश साहू आदि ने कोहका सोसायटी में हुए मनोनयन पर आपत्ति जताया है। उनका कहना है कि मनोनयन से पहले सोसायटी अंतर्गत आने वाले ग्राम कोहका, दीवान झिटिया, जाम सरार खुर्द, मलईडबरी, ओडारबांध, नाथू नवागांव, पेंडरवानी, ढाबा के भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से राय नहीं लिया गया। उन्होंने पार्टी के निष्ठावान लोगों की अनदेखी करने का आरोप लगते हुए कहा कि अध्यक्ष के मनोनयन में ऐसे व्यक्ति को महत्व दिया गया है जिसके गांव से पार्टी हमेशा हारते रही है। उनका यह भी कहना है कि मनोनीत प्राधिकृत अधिकारी कभी भी पार्टी की गतिविधियों में सक्रिय नहीं रहा हैं। उन्होंने इस आशय की शिकायत जिला भाजपा अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष, मंडल भाजपा अध्यक्ष से कर नियुक्ति को निरस्त करने की मांग की है।

### महिलाओं की भी उपेक्षा

जानकारी के अनुसार प्राधिकृत अधिकारियों के मनोनयन में महिलाओं और अनुसूचित जाति के लोगों को पूरी तरह किनारे कर दिया गया है जिसके चलते किसी भी सोसायटी में इस वर्ग को मौका नहीं मिला है।

## धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण

**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने धान उत्पार्जन केंद्रों के निरीक्षण करते हुए किसानों की से रूबरू हुई। उन्होंने किसानों की समस्याओं को सुनकर जल्द दूर करने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान भागवत साहू, रतन यादव, हुबलाल देशमुख, मोहनीश धनकर, हरीश देशमुख, तुलसीदास साहू, गिरीश साहू, टीकम यदु, धन्ना यादव, हृदय साहू, भगवती साहू, शेखर वर्मा, देवशरण वर्मा, डेरहा वर्मा, पुसऊ वर्मा, महेश मंडावी, गौतम सेन, दीपक साहू, गंभीर साहू, मिथलेश चन्द्रवंशी, खिलेश राजपूत, बसंत पटेल, रमाकांत साहू, हेमचंद यदु, बंटी साहू, शंकर नेताम, गिरधारी नेताम आदि मौजूद थे।





### हार्वेस्टर का उपयोग बढ़ा

**चिचोला।** अंचल के किसानों द्वारा धान कटाई के लिए हार्वेस्टरों का उपयोग किया जा रहा है। हार्वेस्टर के उपयोग से श्रमिकों के सामने रोजी रोटी की समस्या खड़ी हो गई है। पहले धान की कटाई और मिंजाई मजदूर करते थे जिससे उन्हे रोजगार मिलता था, किन्तु अब किसान हार्वेस्टर का उपयोग करने लगे हैं। गांव में काम नहीं मिलने से मजदूर जीवन जीवन व्यापन के लिए हैदराबाद सहित अन्य स्थानों की ओर रूख करने लगे हैं।

# थम नहीं रहा पालिका में टेंडर विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- स्वीकृत राशि का लाभ नहीं मिल रहा शहर को
- आपस में लड़ रहे पालिका के जनप्रतिनिधि

भाजपा सरकार बनने के बाद नगर में विकास कार्यो की स्वीकृति मिल रही है किन्तु पालिका में कांग्रेस का कब्जा होने और भाजपा में तालमेल नहीं होने के कारण विकास पर ग्रहण लगता नजर आ रहा है। स्वीकृत कार्यो के टेंडर जारी होने के बाद भी उसे खोलने को लेकर विवाद के हालात बन गए है।

जानकारी के अनुसार सांसद संतोष पांडे ने अधोसंरचना मद् से 37 कार्यों को स्वीकृति दिलाया है। प्रस्तावित कार्य की निविदा 23 अक्टूबर को जारी किया गया था। निविदा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 6 नवम्बर और जमा करने की अंतिम तिथि 13 नवम्बर थी।

निविदा 13 नवम्बर को खोलना था। इस बीच पीआईसी की बैठक में सामान्य सभा के बिना प्रस्ताव के केवल भाजपा नेतृत्व वाले वार्डों में चुनावी लाभ के लिए स्वीकृति दिलाने का आरोप लगाते हुए राशि लौटाने का प्रस्ताव पारित कर विवाद खड़ा कर दिया है। जनप्रतिनिधियों में तालमेल नहीं होने के कारण टेंडर अब तक नहीं खोला जा सका है।

### पहले भी हो चुके टेंडर निरस्त

जानकारी के अनुसार इससे पहले भी टेंडर फार्म बांटा गया था इस दौरान भाजपा- कांग्रेस की आपसी लड़ाई के चलते निरस्त कर दिया गया था। जानकारी के अनुसार 28 जून को विकास कार्यों, सामग्री खरीदी के लिए 133.10 लाख का टेंडर जारी हुआ था जो भी निरस्त हो गया। अधिकारियों की लापरवाही और जनप्रतिनिधियों में तालमेल की कमी के कारण टेंडर निरस्त होने से पालिका को आर्थिक नुकसान हो रहा है। सीएमओ सीके शर्मा ने बताया कि आगामी दो दिसंबर को टेंडर खोला जाएगा।

# गुटबाजी के चलते विवादों में फंसा संगठन चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर के बूथों में भाजपा द्वारा कराए जा रहे बूथ चुनाव में गुटबाजी के चलते वाद-विवाद स्थिति बन रही है। पिछले दो दिनों में लगभग आधा दर्जन बूथ संपन्न हुए अध्यक्ष चुनाव में गुटबाजी खुलकर सामने आई है। कुछ बूथों में विवाद के बीच अध्यक्ष का चयन कर लिया तो कुछ बूथ में विवाद के बाद चुनाव निरस्त कर दिया गया। चुनाव को लेकर आरोप लगाया जा रहा है कि चुनाव करने वाले पदाधिकारियों ने बूथ के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित किए बिना ही घर में 8 से 10 लोगों को बुलाकर अध्यक्ष का फैसला कर लिया। भाजपा में संगठन हथियाने मचे घमासान से जमीनी कार्यकर्ता खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। उनमें नाराजगी भी पनप रही है।

### पद हथियाने की होड़

जानकारी के अनुसार कुछ जनप्रतिनिधि अपना वर्चस्व कायम करने जमीनी कार्यकर्ताओं को नजर अंदाज कर अपने समथको को अध्यक्ष बनाने जुटे हैं। जिला भाजपा के पदाधिकारी भी चुनाव को उपज रहे विवाद को संभालने में नाकाम नजर आ रहे है।

# बेजा खनन से बदल रही खेतों की सूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

वन विभाग की कारवाई के बाद भी खनिज माफिया रेत और मुरूम का खनन करने से बाज नहीं आ रहा है। अंचल के ग्राम गुमानपुर, खैरबना, कुकुरमुड़ा, अतरिया में वन एवं राजस्व विभाग की भूमि से मुरूम का खनन किया जा रहा है। लगातार खुदाई होने से कई हेक्टर मैदानी भूमि गड्ढे में बदल गई है। ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत करने के बाद भी खनिज माफिया के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। यदाकदा विभागीय अमला जांच के लिए पहुंचता भी है तो अवैध खनन में लगे वाहन गायब हो जाते है।



### खेत बनाने के नाम पर खनन

ग्रामीणों ने बताया कि मुरूम खनन कर्ता सरकारी जमीन के अलावा खेत सुधार के नाम पर कृषि भूमि से मुरूम का खनन कर रहे हैं। खनन के पूर्व राजस्व और खनिज विभाग से अनुमति लेना आवश्यक है किन्तु बिना अनुमति के ही खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जब कभी अधिकारी दौरे पर आने वाले होते हैं कि खनिज माफिया को पहले ही खबर मिल जाती है और वह अपने वाहन हटा कर कार्रवाई से बच जाते हैं।

# मनोनयन के बाद नेताओं ने संभाली सोसायटियों की कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

सेवा सहकारी समितियों के कार्यों के संचालन के लिए भाजपा सरकार ने हाल ही प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति किया है। सेवा सहकारी समिति बरबसपुर और लिमो में प्राधिकृत अधिकारियों ने गत दिनों विधिवत पदभार ग्रहण किया। जानकारी अनुसार सेवा सहकारी समिति बरबसपुर में अमित शर्मा ने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान जीवनदास रात्रे, पुष्पेंद्र देवांगन, यतीश कुंजाम, सुधीर गोलछा, दीनाराम जंघेल, अशोक पाल, हीरालाल वर्मा, विष्णु साहू, केशव साहू, खेमसिंग यादव, भारत साहू, हिरामन कश्यप, नोहर जंघेल, सेवकराम, रतन खांडेकर, योगेंद्र कौशिक, शम्मी धृतलहरे, बलराम साहू, लोचनसिंह खुशरो, देवालदास बघेल, राजेश जांगड़े, नीरज शर्मा, टीकम शर्मा, समिति प्रबंधक दिगम्बरदास साहू, भूपेंद्र जंघेल, पवन भारद्वाज उपस्थित थे। इसी प्रकार सेवा सहकारी समिति लिमो में सुखदेव पटेल ने पदभार संभाला। कार्यक्रम में खम्हन ताम्रकार, राकेश ताम्रकार, जीवनदास रात्रे, लीलाराम साहू, उमा चौबे, पुष्पेंद्र देवांगन, मंगल जैन, योगेंद्र कौशिक, लेखन वर्मा, दुकलु निर्मलकर, रिखी पटेल, शिव पटेल, सीताराम, समिति प्रबंधक यशवंत वर्मा, त्रिभुवन वैष्णव सहित किसान मौजूद थे।






**टाटेकसा।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति खोभा में शपथ ग्रहण समारोह जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू के आतिथ्य में संपन्न हुआ। अध्यक्षता सरपंच सारिका जैन ने किया। शुभारंभ के बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। प्राधिकृत अधिकारी धन्नालाल यादव ने पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर जिपं अध्यक्ष श्रीमती साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में किसानों का धान 3100 रुपए क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है जिससे किसानों में काफी उत्साह है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सदैव किसानों के हित में काम करती है। इस अवसर पर चंद्रिका प्रसाद डडसेना, एमडी ठाकुर, घासीराम साहू, अजय पटेल, संजय सिन्हा, मनीष जैन, शिवा मिश्रा, रोधन उइके, देवेंद्र महाराज, पलवी स्वामी नायडू, आनंदराम वेलेकर, ईश्वरलाल लाड़े, देवानंद सहारे, शिवकुमार कवते, देवदास साहू, शत्रुहन चंद्रवंशी, इठोबा चौहान, रेवाराम लाडेकर, धनेंद्र कोठारी, धरमवीर चंद्रवंशी सहित अन्य उपस्थित थे।

### हर पांच गांव के लिए बनेगी सोसायटी: खांडेकर

**डोंगरगढ़।** सेवा सहकारी समिति छिपा में किसान सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विनोद खांडेकर थे। कार्यक्रम के आरंभ में भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर अतिथियों का स्वागत किया गया। समिति के प्राधिकृत अधिकारी जीवन वर्मा का सम्मान करते हुए पदभार ग्रहण कराया गया। इस मौके पर श्री खांडेकर ने किसानों को केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार से मिल रहे लाभ की जानकारी देते हुए कहा कि आने वाले समय में हर पांच गांव में सहकारी समिति बनाया जाएगा। नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी श्री वर्मा एवं अन्य अतिथियों ने किसानों से साफ और सूखा धान लाने कहा। इस मौके पर एके पैकरा, ओमप्रकाश लिल्हारे, छबिल साहु, मुरली गेडाम, रवि यादव, भरत लिल्हारे, रामरतन नेगी, बहल देवांगन, बोधन साहु, दिनेश वैष्णव, देवाशी वर्मा, तेजराम वर्मा, दिलीप वर्मा, कवलराम वर्मा, सुरेश वर्मा, अंगद वर्मा, दाशु वर्मा, झेरेन्द्र साहु आदि उपस्थित थे। संचालन रवि यादव ने किया।

## परख परीक्षा की तैयारियों का जायजा

**गंडई पंडरिया।** शिक्षा विभाग की टीम ने परख परीक्षा की तैयारियों का जायजा लिया। जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी और विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमेंद्र कुमार डडसेना के नेतृत्व में टीम ने विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण किया। टीम ने कन्या शाला छुईखदान, प्राथमिक शाला हनईबन, भुरभूसी, ढाबा और कन्या शाला गंडई सहित अन्य स्कूलों में पहुंचकर तीसरे मॉक टेस्ट की तैयारी का जायजा लिया। परख परीक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। टीम ने प्रधानपाठकों, प्राचार्यों को मार्गदर्शन दिया। निरीक्षण दल में सहायक संचालक डॉ रश्मि खरे, पवन ददरया, कौशल राजपूत, किशोर तिवारी शामिल थे।

पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

## शिविर में 56 यूनिट रक्त का दान



**गंडई पंडरिया।** स्थानीय पं. देवीप्रसाद चौबे महाविद्यालय में शुक्रवार को आईक्यूएसी, यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी, राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन एवं चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छात्र-छात्राओं, प्राध्यापक एवं अभिभावकों ने 56 यूनिट रक्तदान किया। इस दौरान प्राध्यापक डॉ एनएस वर्मा, टीएल वर्मा, रेडक्रॉस प्रभारी प्रो जी कौशिक, आईक्यूएसी समन्वयक प्रो बीआर वर्मा, रासेयो अधिकारी प्रो पीके अमिला, चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सक आदि उपस्थित थे।

# अंचल में संविधान दिवस मनाया गया





**छुईखदान।** प्राथमिक शाला जुझारा में गत दिनों संविधान दिवस मनाया गया। भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर प्रस्तावना का वाचन किया गया। संविधान के उद्देश्य एवं मूल बातों को प्रधानपाठक संजीव ध्रुव ने बच्चों को बताया। शिक्षक मोहित धुर्वे ने बच्चों को शपथ ग्रहण कराया। इस मौके पर उप जोन स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में प्रथम स्थान आने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

**डोंगरगढ़।** डॉ. आम्बेडकर विद्यालय में गत दिनों संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रभारी प्राचार्य सूर्यवन्ता तुर्रे के निर्देशन में बच्चों ने नारे लगाते हुए रैली निकाला और तहसील प्रागंण में स्थित डॉ. आम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। विद्यालय में प्राचार्य ने बुद्ध एवं डॉ. आम्बेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। कार्यक्रम में अविनाश ब्राम्हणकर, आर मोहने, एम गजभिये, बी पोद्दार, एस पटेल, टी भावे, डी दुतारा, एच यादव, जे बनाफर, आर सक्सेना, बी इंदुरकर आदि शामिल हुए। शिक्षक एम गजभिये ने बुद्ध वंदना का पाठ कराया। प्रभारी प्राचार्य ने संविधान उद्देशिका का वाचन किया। संचालन ए ब्राम्हणकर ने किया।

**ठेलकाडीह।** नवीन महाविद्यालय ठेलकाडीह में 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता डॉ. अम्बेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में संविधान के प्रस्तावना का वाचन किया गया। विद्यार्थियों ने संविधान पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्राध्यापक डॉ. एलसी सिन्हा ने संविधान की मौलिकता एवं महत्व को रेखाकिंत किया। सहायक प्राध्यापक सीएस राठौर ने संविधान के महत्व और औचित्य पर प्रकाश डाला। हेमंत जांगड़े ने विद्यार्थियों को संविधान की शपथ दिलाया।अंत में प्राची अम्बादे ने आभार प्रदर्शन किया।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### नागपुर में न्यायिक अधिवेशन, विप्लव हुए शामिल

**खैरागढ़।** महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित एक दिवसीय सामाजिक न्यायिक संगठन और डॉ अंबेडकर राष्ट्रीय अधिवक्ता संघ के सातवे राष्ट्रीय संविधान सेमिनार मे जिपं सभापति विप्लव साहू शामिल हुए। राष्ट्रीय संयोजक एड बीएम सिंह की अध्यक्षता और पूर्व न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट बीसी चंद्रिकापुरे के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता और प्रमुख वक्ता के रूप में शामिल जिपं सभापति विप्लव साहू ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के योगदान को लेकर कहा कि दोनों विदेश से पढ़कर आए थे,लेकिन देश सेवा की शैली दोनों की अलग-अलग थी। दोनों मानसिक रूप से बेहद मजबूत थे। महात्मा गांधी ने 200 साल के अंग्रेजी राज को भारतीय जनता के साथ मिलकर आंदोलन से उखाड़ फेंकने में भूमिका निभाई। वहीं डॉ बीआर अंबेडकर ने जन्म से भेदभाव और भीषण संघर्ष के बाद भी गहन अध्ययन और जिजिविषा से अपने दारोमदार पर भारत का संविधान लिखा और भारत के माथे से असमानता का कलंक मिटाते हुए महिलाओं को संपत्ति, शिक्षा और वोट का अधिकार देते हुए हर नागरिक को बराबरी का संवैधानिक सम्मान दिया। प्रदेश से एड शाकिर कुरैशी राष्ट्रीय सह-संयोजक ने कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया। इस दौरान महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार और छत्तीसगढ़ के साथ-साथ भारत के अन्य राज्यों से राजनैतिक चिंतक, विद्वान अधिवक्ता सहित किसान नेता अधिवेशन में शामिल हुए।

### सिविल अस्पताल परिसर अखाड़े में तब्दील

# स्वास्थ्य सेवा बदहाल, गुटीय राजनीति हावी, मूल काम छोड़ कर रहे राजनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सिविल अस्पताल में पदस्थ लेखापाल के खिलाफ मेडिकल बिल निकालने के नाम पर पैसे मांगने के आरोप को लेकर सिविल अस्पताल परिसर आजकल अखाड़े में तब्दील हो गया है। मेडिकल अवकाश के नाम पर पैसे मांगने संबंधी छग प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष हंसाराम वर्मा के शिकायत आवेदन पर जॉच चल रही है जबकि दूसरी ओर जिलाध्यक्ष पर ही पद का दबाव बनाकर काम में लापरवाही बरतने के मामले में महीनों से शिकायत आवेदन पेंडिंग पड़ा हुआ है।

बाजार अतरिया पीएचसी में पदस्थ सहायक ग्रेड तीन हंसाराम वर्मा पर छग स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का जिलाध्यक्ष होने के नाते अधिकारियों पर दबाव बनाने, कर्मचारियों को बेवजह परेशान करने और कार्य स्थल मे जिम्मेदारियों के निर्वहन में लापरवाही बरतने का गंभीर आरोप लगाया जा रहा है। संघ की ओर से किए शिकायत आवेदन में आरोपी बनाए गए लेखापाल कमलेश त्रिपाठी ने कहा कि उस पर संघ में शामिल होने और मनमाफिक काम करने दबाव बनाने की नीयत से हंसाराम वर्मा द्वारा संघ के लेटर पैड का दुरूपयोग किया जा रहा है। उन्होंने आया रोहणी चंद्रवंशी से पैसे मांगने संबंधी आरोप को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि आया ने 3 जनवरी को अवकाश आवेदन देकर गई थी जबकि शिकायत आवेदन मे 4 जनवरी से अवकाश पर जाना बताया गया है इसलिए आवेदन का पहला बिंदु ही पूरी तरह से निराधार है। कमलेश त्रिपाठी ने कहा कि सालों से डीडीओ पॉवर नही होने के कारण ब्लाक के सभी स्वास्थ्य केंद्रो का संचालन राजनांदगॉव कार्यालय से होता है। वही से अवकाश की स्वीकृति मिलती है, वही से वेतन आहरण होता है और वही से कटौती, एरियर्स, निलंबन संबंधी अन्य कारवाई की जाती है।

#### निजी खुन्नस निकाल रहे जिलाध्यक्ष

लेखापाल कमलेश त्रिपाठी ने बताया कि मेडिकल अवकाश की स्वीकृति के लिए मेडिकल बोर्ड से 6 जून को फिटनेस सर्टिफिकेट पेश करने पर अवकाश स्वीकृति संबंधी कारवाई करने का निर्देश दिया गया था। आया रोहणी चंद्रवंशी द्वारा प्रमाण पत्र जमा करने के बाद सीएचएमओ कार्यालय से 17 सितंबर को 111 दिनों का अवकाश संबंधी आवेदन मूल दस्तावेजों के साथ कारवाई के लिए प्रेषित किया गया। उन्होंने कहा कि विभाग के नियमों को दरकिनार कर जिलाध्यक्ष हंसाराम वर्मा द्वारा आया को मेडिकल अवकाश स्वीकृत कराने और राशि आहरण करने दबाव बनाया गया, लेकिन मेरे मना करने के बाद संघ के लेटर पैड मे महिला कर्मचारी को सामने रखकर पैसे मांगने का निराधार आरोप लगा रहा है। लेखापाल कमलेश त्रिपाठी ने बताया कि जिलाध्यक्ष के पुत्र द्वारा अस्पातल परिसर मे जनौष्धि केंद्र का संचालन किया जाता था, लेकिन ब्रांडेड दवाईयों को बेचने की लगातार शिकायतों के बाद अस्पताल प्रबंधन से दुकान हटा दिया है जिसके चलते हंसाराम वर्मा निजी खुन्नस निकालने आरोप लगा रहा है।

#### आरोप गलत है

लेखापाल द्वारा विभागीय काम काज के लिए पैसे मांगने की लगातार शिकायत मिलने के बाद जॉच की मांग की गई है। मेरे उपर पद के दुरूपयोग का आरोप सरासर गलत है।

**- हंसाराम वर्मा,** जिलाध्यक्ष छग स्वास्थ्य कर्मचारी संघ

#### आदेश को दरकिनार कर जमे हैं दर्जनभर

सिविल अस्पातल परिसर में कर्मचारियों के बीच आपसी मनमुटाव को लेकर पता चला है कि यहॉ पदस्थ मूल कर्मचारियों का अलग-अलग सीएचसी और पीएचसी में काम करने वाले संलग्र कर्मचारियों के बीच काम और विभाग बंटवारे को लेकर घमासान मचा हुआ है। 20 मार्च 2014 और 25 अप्रैल 24 को स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग ने पत्र जारी कर संलग्र कर्मचारियों को छै महीने बाद मूल पदस्थापना वाली जगह पर वापस भेजने का आदेश जारी किया है, लेकिन वर्तमान में सीएमएचओ में लगभग आधा दर्जन कर्मचारी दो से तीन साल से विभागीय आदेश को धता बताकर जमे हुए है जिसके चलते मूल जगह पर कार्य प्रभावित हो रहा है।

# गातापारकला के प्रशांत का पीएससी में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



ब्लाक के गातापारकला निवासी पंचायत सचिव रमेश वर्मा के सुपुत्र प्रशांत ने सीजीपीएससी रिजल्ट में 42 रेंक हासिल कर पूरे जिले को गौरवांवित कर दिया है।

सीएसपीडीसीएल के गंडई डिवीजन मे डाटा एंट्री आपरेटर के पद पर पदस्थ प्रशांत वर्मा ने भातर रत्न पूर्व पीएम अटल बिहारी बाजपेयी की प्रसिद्ध कविता टूटे हुए सपने की सुने कौन सिसकी, अंतर को चीर व्यथा पलकों पर ठिठकी, हार नहीं मानूंगा, रार नहीं ठानूंगा, काल के कपाल पर, लिखता-मिटाता हूं, गीत नया गाता हूँ, गीत नया गाता हूँ को अंतस में लिए लगातार चौथी बार पीएससी की परीक्षा दी और पहले बार में ही मेंस क्लियर कर इंटरव्यू मे शामिल हुए जहॉ संगीत विवि की ऐताहिसकता, प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यशैली और राजनेताओं के संबंध में पूछे गए प्रश्रों का सटीक और तथ्यपूर्ण जवाब दिया जिसके बाद गुरूवार 28 को देर रात घोषित नतीजों में 42 वॉ रेंक पाने में सफल रहे। प्रारंभिक शिक्षा ठेलकाडीह के सरकारी स्कूल मे गणित विषय लेकर बारहवीं पास करने वाले प्रशांत ने गुरु घासीदास विवि से बीएससी कम्प्यूटर साइंस लेकर पढ़ाई पूरी करने के बाद प्रशासनिक अधिकारी बनने का लक्ष्य लेकर लगातार पढ़ते रहे।

2023 मे सीएसपीडीसीएल में डाटा एंट्री आपरेटर के पद पर चयन बाद भी अधिकारी बनकर घरवालों के सपनों को पूरा करने जुटे रहे। सतत प्रयास करते रहने जिले के युवाओं को मैसेज देते हुए प्रशांत ने कहा कि असफलता से हार मानकर हताश निराश होने की जगह कमियों को तलाशे, उसे दूर करे और पूरी उर्जा के साथ मंजिल को बढ़ते रहे। सफलता आपके कदमो में स्वमेव आ जाएगी।

### मनीष बने समाजसेवक संघ के एमएमसी जिलाध्यक्ष



**अंबागढ़ चौकी।** सीमेंट व्यवसायी अंबुजा सीमेंट के डीलर मनीष खंडेलवाल को समाजसेवक संघ के दुर्ग संभाग के संघ अध्यक्ष अंकित गर्ग ने संघ के संयोजक संजीव सिंघल की अनुशंसा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वाति देवांगन की सहमति से मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी संघ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।

### पुर्रामटोला स्कूल में परख मॉक टेस्ट 3 का आयोजन



**राजनांदगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला पुर्रामटोला में राष्ट्रीय अचीवमेंट सर्वे एनएएस का मॉक टेस्ट 3 का आयोजन किया गया। परख मॉक टेस्ट के संबंध में प्रधान पाठक आरके वैष्णव ने सभी बच्चों को निर्देशित किया। शिक्षक आरएम देवांगन एवं डीएल साहू ने कक्षा तीसरी एवं छठवीं के बच्चों का परख मॉक टेस्ट लिया। इस मौके पर शिक्षक डीके साहू एवं एचबी कुरैशी उपस्थित रही। छात्र-छात्राओं ने निर्देशों का पालन करते सुगमतापूर्ण प्रश्नों को हल किया।

# शौचालयों की दुर्दशा, विधायक ने सुनाई सीएमओ को खरीखोटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव को सीएमओ के खिलाफ शिकायतों का पुलिंदा सौंप कारवाई की मांग करने के बाद विधायक यशोदा वर्मा नगर में सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था देखने मैदान में उतरी।

शौचालयों की बदहाल स्थिति देखकर भड़की विधायक ने कहा सीएमओ प्रमोद शुक्ला को लोगों के सामने जमकर खरीखोटी सुनाते हुए कहा कि कमीशन खोरी छोड़कर आम जनता के हित को लेकर कुछ काम करे। दीवाली के समय निकले स्वच्छता श्रृंगार के एकमुश्त दस लाख में से 3 लाख अध्यक्ष को देने और 2 लाख खुद रखने की बात को सार्वजनिक रूप से सीएमओ से पूछा और कहा कि इस स्वीकारोक्ति का विडियो उनके पास सुरक्षित है कहे तो दिखा देती हूं।

आम जनता के सामने सवाल से निरूत्तर सीएमओ ने बगले झांकते हुए लेन देन की बात को सिरे से नकारा और सिर्फ यही कहा कि आजकल वीडियो एडिट हो रहा है। इस दौरान इतवारी बाजार मे शौचालय का उपयोग करने वालों ने विधायक यशोदा वर्मा से गंदगी को लेकर शिकायत करते हुए कहा कि साफ सफाई नहीं होती है। मौके पर केयर टेकर फागूराम को बुलाने के बात पर सीएमओ के साथ स्वच्छता निरीक्षक पहले बहाने बाजी करने के बाद चुप हो गया। साफ सफाई और केयर टेकर होने की बात पर सीएमओ पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि नपा के सफाई कर्मचारी सुबह एक बार सीट की सफाई करते है। यहॉ कभी भी केयर टेकर को नही रखा गया है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, नीलांबर वर्मा, भीखमचंद छाजेड़, दीपक देवांगन, नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, शत्रुघन धृतलहरे, सुमन दयाराम पटेल, सोनूराम ढीमर, रविंद्र सिंह गुड्डा, पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, डॉ अरूण भारद्वाज, दिलीप लहरे, मनोहर सेन, अनुभव चंद्राकर, राधे पटेल, सूर्यकान्त सहित अन्य मौजूद रहे।

#### भाजपा वाशिंग मशीन, धुल गए पूर्व अध्यक्ष के दाग

विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि कमीशन खोरी का वीडियो समय आने पर सबके सामने उजागर करेंगी। राजनीतिक सुचिता की बात करने वाली भाजपा के कार्यकाल में ही सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी का आलम है। पीएम नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन की मंशा पर उनके नेता और अधिकारी बट्टा लगा रहे हैं। कांग्रेस में रहने के दौरान शैलेंद्र वर्मा के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार के मामले को लेकर कहा कि यह सही है कि उनके कार्यकाल में भ्रष्टाचार हुआ है लेकिन भाजपा में शामिल होने के बाद पूर्व अध्यक्ष वर्मा के दाग धुल गए हैं।

#### हर महीने नहीं मिलता दो हजार

अमलीपारा, इतवारी बाजार, पुराने थाने के सामने, शिव मंदिर रोड के सार्वजनिक शौचालयों का भी निरीक्षण किया। बदहाली से नाराज कहा कि व्यवस्था नहीं सुधरी तो इस मुद्दे पर आंदोलन किया जाएगा। थाने के पास सार्वजनिक शौचालय में अशोक सिंह ने बताया कि भवन बनने के बाद से आज तक वेलफेयर सोसायटी का कोई कर्मचारी साफ सफाई के लिए नही आया है। रोज सुबह नपा अमले के दो लोग सफाई करने आते है। केयर टेकर के रूप मे नियुक्ति को लेकर कहा कि नपा कर्मचारी द्वारा हर महीने दो हजार रूपए देने की बात हुई थी, लेकिन वह भी नियमित रूप से नही मिलता। दरअसल शहर में 19 सार्वजनिक शौचालय हैं जिनके रख रखाव के लिए हर माह स्वच्छता श्रृंगार मद से 1 लाख 81 हजार रख रखाव के लिए मिलता हैं। छै महीने से राशि आबंटित नही हुई थी इसकी वजह से भुगतान नहीं किया गया, लेकिन ऐन दीपावली के पहले एकमुश्त 10 लाख 93 हजार रुपए निकालकर राशि का बंदरबांट कर लिया गया जिसमें 5 लाख सबंधित ठेकेदार को देने के बाद बाकी बचा 5 लाख 93 हजार रूपयो का दीवाली शगुन के रूप मे जनप्रतिनिधि और अधिकारी ने आपस मे बांट लिया। मामला भी चर्चा मे तब आया जब कुछ वार्ड पार्षदो ने दस दस हजार रूपए मिलने की बात कबूली, कुछ ने तो नाराजगी जताते हुए पैसा वापस कर दिया।

#### आरोप गलत है

विधायक द्वारा कमीशन खोरी का लगाया गया आरोप सरासर गलत है। शोभा वेलफेयर समिति के कर्मचारी शौचालयों की सुबह साफ सफाई करते है। दिनभर उपयोग के चलते गंदगी हो जाती है। - **गिरिजा चंद्राकर,** अध्यक्ष नपा

# रश्मिदेवी सिंह कॉलेज के रासेयो इकाई का शिविर कुलीकसा में

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



रानी रश्मिदेवी सिंह कालेज की रासेयो इकाई के सात दिवसीय शिविर का कुलीकसा में प्रभारी प्राचार्य डॉ जितेन्द्र साखरे, विश्वनाथ वर्मा, पूर्व कार्यक्रम अधिकारी जेके वैष्णव, कार्यक्रम अधिकारी यशपाल जंघेल, पंचायत प्रतिनिधियों व शिक्षकों की उपस्थिति में शुभारंभ हुआ।

मां सरस्वती, स्वामी विवेकानन्द जी, मां भारती के तैलचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित बाद अतिथियों का रासेयो बैच लगाकर स्वागत किया गया। रासेयो गीत स्वयंसेवकों ने और स्वागत गीत लीना वर्मा, गौरी यदु ने प्रस्तुत किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ जितेन्द्र साखरे ने स्वामी विवेकानन्द के चरित्र को अपनाने और युवाओं को शिविर अवधि में लक्ष्य अनुरूप अनुशासित रुप से कार्य करने प्रेरित किया। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी जेके वैष्णव ने रासेयो शिविर के थीम युवा भारत के लिए युवा, डिजिटल भारत के लिए युवा को रेखांकित करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को उसके उपयोग का महत्व बताते हुए जन जागरुकता अभियान चलाने कहा। रासेयो के लक्ष्य और उद्देश्य की जानकारी देते हुए शिविर समय सारिणी को विस्तार से बताया।

शिक्षक बीके मेश्राम ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य अनुसार क्रियान्वयन पर ग्रामीणों से सहयोग की अपील की। कार्यक्रम अधिकारी यशपाल जंघेल ने सात दिवसीय शिविर आयोजन की संपूर्ण जानकारी देते हुए शिविर लगाने सरपंच सहित कुलीकसा के निवासियो का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षक धरमपाल वर्मा, एआर जोशी, सरस्वती वर्मा, विकास चोपड़ा, रामकुमार वर्मा, दलनायक टिकेन्द वर्मा, ताम्रध्वज वर्मा, सीमा वर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन गिरवर साहू और आभार प्रदर्शन टिकेन्द वर्मा ने किया।

शिविर उद्घाटन बाद रासेयो स्वयंसेवको ने रैली निकालकर जन जागरुकता अभियान चलाया।

### रमन साबरमती फिल्म देख हुए भावुक

**राजनांदगांव।** देश में इन दिनों तहलका मचा रही “द साबरमती रिपोर्ट ” दर्शकों को अपनी ओर खींच रही है। शुक्रवार दोपहर 3 बजे क्षेत्रीय विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह नागरिकों व कार्यकर्ताओं के साथ गंज मंडी स्थित सिल्वर स्क्रीन पर यह फिल्म देखी। वे फिल्म में दिखाए जीवंत दृश्यों को लेकर अत्यंत भावुक हुए। राम मंदिर आंदोलन को लेकर किए गए संघर्ष को याद किया और कहा कि फिल्म सच का दर्पण है। इस दौरान उनके साथ जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, दिनेश गांधी, संतोष अग्रवाल, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, कोमल सिंह राजपूत, लीलाधर साहू, गिन्नी चावला, मधु बैद, भावेश बैद, सुमीत भाटिया, मूलचंद भंसाली सहित



# जिम का जिन्न फिर निकला कांग्रेस नेताओं ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

■ विधायक प्रतिनिधि ने की शिकायत

जिम खरीदी के नाम पर तत्कालीन सीएमओ के साथ मिलकर लगभग 37 लाख रूपयों का बोगस आहरण करने वाले पूर्व नपा अध्यक्ष व वर्तमान पार्षद शैलेन्द्र वर्मा के खिलाफ छग नपा अधि 1961 की धारा 35 (क) के तहत पार्षद पद से बर्खास्तगी और एफआईआर की मांग को लेकर विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन व नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन ने विभाग के प्रमुख सचिव को आवेदन सौंपा। शिकायत आवेदन में उन्होंने बताया कि नपा परिषद के तत्कालीन अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा के खिलाफ पूर्व में कलेक्टर व नगरीय प्रशासन विभाग को 2023 में लिखित शिकायत किया गया था कि अपने कार्यकाल के दौरान जिम सामग्री खरीदी के भंडार क्रय नियमों का पालन नहीं किया गया। बिना निविदा प्रक्रिया के पार्षद/अध्यक्ष निधि से 25 जुलाई 23 को चेक क्रमांक 660944 द्वारा 17 लाख 64 हजार और उसी दिन ही क्रमांक 660945 द्वारा 20 लाख रूपयों का भुगतान किया गया है। उन्होंने बताया कि भुगतान की प्रवृष्टि केशबुक और रजिस्टर में अंकित है लेकिन जिम सामग्री का बिल और सामान का स्टॉक पंजी मे प्रवृष्टि नही है। नियमानुसार भुगतान पूर्व नस्ती का संधारण व रिकार्ड भी नपा में नही है जिससे यह प्रमाणित होता है कि पूर्व अध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा और तत्कालीन सीएमओ ने व्यक्तिगत लाभ उठाने की नीयत से बिना सामग्री खरीदी किए राशि का भुगतान किया है।

#### एफआईआर आवश्यक

कांग्रेस नेता व विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने बताया कि कलेक्टर और राज्य शासन व्दारा द्वारा पूरे मामले की जॉच और मौजूद अधिकारी कर्मचारियों के बयान बाद सीएमओ को निलंबित कर दिया गया, लेकिन मामले में तत्कालीन अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने के बाद भी कोई कारवाई नही की गई। मनराखन देवांगन ने कहा कि वर्तमान सीएमओ ने दस्तावेजों साथ प्रतिवेदन कलेक्टर को प्रेषित कर बताया गया कि पूर्व अध्यक्ष ने स्वयं के आर्थिक लाभ उठाने के उद्देश्य से शासकीय राशि जो पूर्व कांग्रेस सरकार के समय नपा को मिला था उसे बिना सामग्री खरीदे सीएमओ से मिलीभगत कर संयुक्त हस्ताक्षर से आहरण किया है जो निकाय हित के विपरीत है और नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 35 (क) के अन्तर्गत आता है। शासकीय राशि का गबन करने के उद्देश्य से फर्जी चेक काटने पर आर्थिक रूप से शासन को नुकसान पहुंचाने पर कानूनन दंडात्मक कारवाई के लिए प्रकरण में एफआईआर करना न्यायहित में आवश्यक है। इस मामले में तत्कालीन सीएमओ कुलदीप झा को 16 अगस्त को सेवा भर्ती तथा सेवा शर्त नियम 2017 के नियम 33 के अन्तर्गत निलंबित किया गया है, जिससे प्रमाणित होता है कि तत्कालीन अध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा द्वारा बिना सामग्री खरीदी किए राशि भुगतान किया गया है।

#### भाजपा में हो गए शैलेंद्र शामिल

जिम खरीदी में गड़बड़ी को लेकर सबसे पहले शिकायत जिला भाजपा महामंत्री रामाधार रजक ने की जिसके बाद सीएमओ को निलंबित कर दिया गया, लेकिन तब शैलेंद्र वर्मा कांग्रेस के साथ खड़े थे लेकिन प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद दो महीने पहले नपा अध्यक्ष के चुनाव मे संख्या बल की कमी को पूरा करने शैलेंद्र ने भगवा गमछा ओढ़ लिया है जिसके बाद से कांग्रेस खुलकर उसके विरोध में आ गई है।

# खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव शुरू

## जिले में 679519 क्विंटल धान की खरीदी, धान उठाव में तेजी लाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

समर्थन मूल्य पर जिले के 39 समितियां के 51 केदो में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य में धान खरीदी को लेकर मोबाइल ऐप तुंहर के माध्यम से 60 प्रतिशत और समितियों से 40 प्रतिशत टोकन दिया जा रहा है। जिले में 6 लाख 79 हजार 519 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव कर संग्रहण केंद्रों तक पहुंचाने की प्रक्रिया में गति लाने जिला विपणन अधिकारी को धान खरीदी से संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर व्यवस्थित व सुगम तरीके से धान का परिवहन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया हैं।

जानकारी अनुसार समर्थन मूल्य में किसानो से खरीदे धान का भंडारण जिले में तीन संग्रहण केन्द्रों दामरी घोठिया, ठेलकाडीह और मदराकुही में किया जाएगा। संग्रहण केंद्रो में समितियों के धान का परिवहन संबंधी सभी व्यवस्था जैसे कि स्टेकिंग प्लान, कीट नाशक दवाई, साफ सफाई के साथ परिवहनकर्ताओं को जिला विपणन अधिकारी द्वारा ट्रांसपोर्टिंग आदेश भी जारी कर दिया गया है। आदेश जारी होने के साथ ही धान का परिवहन भी शुरू हो गया है। मार्कफेड से 14 हजार 400 क्विंटल धान का ट्रांसपोर्टिंग आर्डर जारी किया गया है। धान के सुचारू उपार्जन के लिए पर्याप्त मात्रा में बारदाना की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न माध्यम से पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध किया गया है। धान उपार्जन में नए बारदाने, पुराने जूट बारदाने और पीडीएस बारदानों सहित किसानी बारदानों का प्रयोग किया जाना है। इस साल अपने अच्छे जूट बारदाना का प्रयोग करने पर किसानों को प्रति बारदाना 25 रूपए का भुगतान किया जाएगा।



#### वनांचल क्षेत्र के खरीदी केंद्रों का अवलोकन

किसानों की सहूलियत और खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता उपलब्ध कराने अपर कलेक्टर सुरेन्द्र कुमार ठाकुर ने वनांचल क्षेत्र के साल्हेवारा, बकरकट्टा और रामपुर धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। धान बेचने केंद्र पहुंचे किसानों से चर्चा की वही अपर कलेक्टर श्री ठाकुर ने नमी मापक यंत्र और इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन का अवलोकन किया। केंद्र प्रभारी को निर्देशित किया कि किसानों द्वारा लाए गए धान की नमी का सही तरीके से परीक्षण किया जाए और किसी भी किसान को अनुचित कारणों से लौटाया न जाए। उन्होंने कहा कि नमी जांच और तौल में पूरी पारदर्शिता होनी चाहिए। उन्होंने धान खरीदी की अब तक की स्थिति, किसानों की संख्या, टोकन जारी करने की प्रक्रिया और खरीदे धान की मात्रा की जानकारी लेते हुए कहा कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह प्रशासन की प्राथमिकता है।

बिजनेस साईट

### नीरज पैरेंट्स प्राईड एवं फाउंडेशन स्कूल में दिसंबर एडमिशन ऑफर

**राजनांदगांव।** शहर के मध्य स्थित नीरज पैरेंट्स प्राईड स्कूल बल्देवबाग एवं ब्रांच जयस्तंभ चौक के साथ ही नीरज फाउंडेशन स्कूल कमला कॉलेज रोड में प्रवेश हेतु दिसंबर ऑफर प्रदान किया जा रहा है। संस्था के संचालक नीरज बाजपेयी ने बताया कि जारी सत्र 2024-25 में पैरेंट्स प्राईड स्कूल में प्री-नर्सरी एवं नर्सरी कक्षा में प्रवेश लेने वाले छात्र को बिना ट्रांसपोर्टेशन सुविधा के साथ मात्र 4000 रुपए जिसमें प्रवेश शुल्क, रजिस्ट्रेशन शुल्क, ट्यूशन फीस इत्यादि सब कुछ समाहित है, का ऑफर दिया जा रहा है एवं जो ट्रांसपोर्टेशन की सुविधा लेना चाहते हैं, उन्हें 8 रुपए पूरे सत्र 2024-25 के लिए देय होगा। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार कमला कॉलेज रोड खंडेलवाल कॉलोनी स्थित नीरज फाउंडेशन स्कूल में प्री-नर्सरी के बच्चों के लिए दिसंबर ऑफर के अंतर्गत 4500 रुपए बिना ट्रांसपोर्टेशन सुविधा एवं 9000 रुपए ट्रांसपोर्टेशन सुविधा के साथ प्रवेश दिया जा रहा है।

ज्ञात हो कि शासन के नियमानुसार 1 अप्रैल 2024 को नर्सरी में प्रवेश हेतु कम से कम 3 वर्ष उम्र आवश्यक है। इसी प्रकार से प्री नर्सरी हेतु 2 वर्ष न्यूनतम आवश्यक है। उन्होंने पालको से आग्रह किया है कि वह इस ऑफर का लाभ उठाएं और बच्चों को अच्छे संस्कार सहित शिक्षा प्रदान करने वाली स्कूल में प्रवेशित कराए।

## सार समाचार

### भेड़ीकला में आवास निर्माण का भूमिपूजन



**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत भेड़ीकला में 28 नवंबर को आवास योजना के भूमिहीन पात्र हितग्राही जिनका आवास स्वीकृत हो चुका था, उन्हें ग्राम पंचायत द्वारा भूमि चिन्हांकित कर 2 हितग्राहियों का आवास निर्माण के लिए भूमिपूजन का कार्य किया गया। इस अवसर पर सरपंच कृष्णा साहू, उप सरपंच अजीत देवांगन, पंचगण सुकालू साहू, जितेन्द्र देवांगन, बेदराम साहू, योगराज साहू, सुरेंद्र निषाद, देवंतीन देवांगन, मनीषा साहू, नीरा साहू, भानमती बघेल, कुमारी नेताम, पटवारी हेमंत वर्मा, सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र एवं अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे। हितग्राहियों द्वारा सभी पंचायत प्रतिनिधियों का आभार प्रकट करते हर्ष जताया।

### श्रमिक संपर्क पखवाड़ा का आयोजन आज से

**राजनांदगांव।** भारतीय मजदूर संघ इन दिनों अपने स्थापना का 70वीं वर्षगांठ मना रहा है। 23 जुलाई 1924 से प्रारंभ होकर 23 जुलाई 1925 तक चलने वाले इस अभियान में सालभर वृहद् कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने बताया कि भामसं के 70वें वर्ष पर श्रमिक संपर्क पखवाड़ा 1 से 15 दिसंबर के मध्य हो रहा है। जिसमें संगठित व असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के बीच भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ता जाकर संगठन की नीतियों, सिद्धांतो के संबंध में पत्रक वितरण करेंगे व श्रमिक क्षेत्र से संपर्क साधेंगे। इसके लिए जिले के सभी विकासखंडों सहित मोहला-मानपुर सहित खैरागढ़ जिले के विकासखंडों में व्यापक श्रमिक संपर्क पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। सभी विकासखंडों में 1 दिसंबर से कार्यकर्ता इस कार्य में लग जाएंगे।

### विस अध्यक्ष के प्रयासों से विकास कामो को स्वीकृति

**राजनांदगांव।** विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री तथा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह लगातार अपने क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु सतत रूप से सक्रिय रहते हैं। आज उनके प्रयासों से राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल सड़क के लिए विभिन्न 11 सड़कों एवं विस्तृत परियोजना के कार्यों के लिए 3 करोड़ 38 लाख 74 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। जिसके तहत बरगा से अष्टगी मंदिर तक 82.74 लाख रुपए, जंगलेश्वर से खैरा तक 71.12 लाख रुपए, मुड़पार से उसरीबोड तक 42.36 लाख रुपए, धामनसरा से कोटराभाटा तक 48.30 लाख रुपए, धनगांव से गातापार तक 60.61 लाख रुपए, धनगांव से लिटिया तक 6.73 लाख रुपए, देवादा से धनोद 2.96 लाख रुपए, धर्मापुर से बरगाही के लिए 3.42 लाख रुपए, जोरातराई से भेडीकला हेतु 8.94 लाख रुपए, सुंदरा पानी टंकी से अं. भाटापारा 7.37 लाख रुपए तथा सुंदरा हाई स्कूल से भेड़ीकला 4.69 लाख रुपए।



### छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस में रमेश सम्मानित

**राजनांदगांव।** एमए छात्र संगठन रायपुर द्वारा तेलीबांधा मरीन ड्राईव में छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस का आयोजन 24 नवंबर को किया गया।



छत्तीसगढ़ी भाषा जनजागरण रैली जिला राजनांदगांव में सफल आयोजन के लिए एमए छत्तीसगढ़ी छात्र रमेश कुमार साहू को मेडल और खुमरी के साथ सम्मानित किया गया। इसके लिए राजनांदगांव साहित्यकारों ने उपलब्धि समझकर गौरवान्वित होने का अनुभव किया।

### राज्य स्तरीय सुंदरकांड गायन में युगांतर द्वितीय

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने राज्य स्तरीय सुंदरकांड गायन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करते विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। उक्त राज्य स्तरीय सुंदरकांड प्रतियोगिता गायत्री विद्यापीठ में आयोजित हुई थी। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता में श्रुति पर्यानी के ओजस्वी व्याख्यान और विपुल सोमकुंवर, मोक्ष जैन एवं गरिमा झाम्ब, अंकिता राय, ऋद्धिमा झा, राशि जोशी, आराध्या जैन, वर्णिका तिवारी के भक्ति-भाव पूर्ण गायन ने दर्शकों को काफी प्रभावित किया। विद्यार्थियों के व्याख्या पक्ष को तैयार करने में हिंदी विभागाध्यक्ष वीएन राय ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसी तरह संगीत पक्ष को तैयार करने में संगीत शिक्षक गोपी प्रसाद पटेल, अक्षय केहरी, आकांक्षा चतुर्वेदी, टी. विशाल व लवली पॉल ने भी संयुक्त रूप से महती भूमिका निभाई।



### महर्षि पतंजलि योग रत्न से मोनिका सम्मानित

**राजनांदगांव।** देश की राजधानी दिल्ली में स्थित कांस्टीट्यूशनल क्लब ऑफ इंडिया के डिप्टी स्पीकर सभागार में आयोजित एक सम्मान समारोह में संस्कारधानी नगरी की प्रतिभावान बेटी मोनिका साहू को महर्षि पतंजलि योग रत्न से सम्मानित किया गया। बता दें कि मोनिका साहू बीते डेढ़ दशक से योग की साधना कर रही है और इस क्षेत्र में लगातार उल्लेखनीय कार्य कर रही है। एक कुशल योग प्रशिक्षक के साथ योगासन खेल की राष्ट्रीय खिलाड़ी भी है। योग प्रशिक्षक के रूप में सैकड़ों बच्चों को विगत लंबे समय से निःशुल्क सेवा दे रही है और संस्कारधानी नगरी में योग को स्थापित करने के साथ-साथ नए उदीयमान खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ाने का सतत प्रयास कर रही है। इनके इन्हीं अथक प्रयासों, सेवाभाव और अतुलनीय योगदान के कारण ही इन्हें महर्षि पतंजलि योग रत्न से सम्मानित किया गया है। मोनिका साहू कन्हारपुरी की रहने वाली गेंदालाल साहू व श्रीमती अरूणा साहू की सुपुत्री है।



### गिरीश शुक्ला का निधन



**राजनांदगांव।** बल्देवबाग निवासी पं. गिरीश शुक्ला (86) का आज देवलोक गमन हो गया। राजनांदगांव जिले के निर्माता पं. किशोरीलाल शुक्ला के वे इकलौते पुत्र थे। दिवंगत श्री शुक्ला ने सामाजिक तथा राजनैतिक स्तर पर उन्हें सौंपी गई जवाबदारियों का अंतिम सांस तक कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। श्री शुक्ला अपने पीछे एक सुपुत्र आलोक शुक्ल (सन्नी ) एवं दो पुत्रियों सोना शुक्ला व श्रुति पयासी के साथ नाती-पोतों का भरापूरा परिवार छोड़ा है। दिवंगत श्री शुक्ला की अंतिम यात्रा कल 1 दिसंबर को निज निवास बल्देवबाग से लखोली के लिए निकाली जाएगी।

## विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों ने किया नि:शुल्क इलाज

# स्वास्थ्य शिविर में जांच के साथ सैकड़ों लोगों को मिला परामर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोगों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और समय रहते बीमारियों की जांच कर परामर्श देने के साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुस्लिम समाज, लायंस क्लब और उदयाचल संस्था के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सैकड़ों की संख्या में पहुंचकर लोगों ने अपना निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कराया और विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया।

शहर के जामा मस्जिद परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के आयोजन में दंत रोग, नेत्र रोग, बीपी, शुगर, हृदय रोग तथा नाक, कान, गला रोग की जांच निःशुल्क की गई। इस दौरान विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों ने परामर्श दिया। इस शिविर में बीएम शाह हॉस्पिटल भिलाई के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव जैन और ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. मिथिलेश शर्मा सहित दंत व नेत्र चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी।



### इलाज के लिए मिलेगी सहायता

स्वास्थ्य शिविर के आयोजन को लेकर इंतजामिया कमेटी जामा मस्जिद के अध्यक्ष रईस अहमद शकील ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग, जो महंगे जांच नहीं करा पाते हैं, उनको दृष्टिगत रखते हुए सभी के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। वहीं लायंस क्लब सिटी के अध्यक्ष तरनदीप सिंह अरोड़ा ने कहा कि इस शिविर में 5-6 सौ वाली जांच भी निःशुल्क हो रही है। उन्होंने कहा कि इसके बाद गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को आगे के इलाज के लिए भी लायंस क्लब सिटी द्वारा सहायता दी जाएगी। वहीं उदयाचल संस्था के सुदामा मोटलानी ने कहा कि उदयाचल संस्था की ओर से यहां नेत्र और दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मोतियाबिंद से संबंधित समस्या निकालने पर निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा।

### मरीजों ने की शिविर की सरहाना

जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 500 से अधिक लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लिया। वहीं जांच कराने पहुंचे जियाउद्दीन ने शिविर की सराहना करते कहा कि इस तरह के शिविर से आम लोगों को काफी लाभ होता है। कई बार बीमारियों का पता नहीं चल पाता है। शिविर के माध्यम से जांच के दौरान समय पर इलाज मिलता है और जांच के लिए रुपए भी खर्च नहीं होते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा शिविर समय-समय पर आयोजित होने चाहिए।

# बकायेदारों से 16 लाख की वसूली, 70 के कटे कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं से बकाया राजस्व वसूली के लिए व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है। जिसमें अर्जुनी, सिंघोला, सुरगी, जंगलपुर सहित राजनांदगांव ग्रामीण क्षेत्र में डिस्कनेक्शन के लिए गठित अधिकारी-कर्मचारियों की टीमों द्वारा 175 बकायेदार उपभोक्ताओं से 15 लाख 77 हजार रुपए की राशि की वसूली की गई तथा समझाइश के बाद भी बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले 70 बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन काटी दी गई है।

ज्ञात हो कि बिजली कंपनी द्वारा बिजली बिल देयकों के भुगतान में विलंब होने पर उपभोक्ताओं का लगातार ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा है। जिससे वे बिजली बिल समय पर जमा कर दें। मैदानी अधिकारी एवं उनकी टीम बकायेदार उपभोक्ताओं के पास स्वयं पहुंचकर बिजली बिल पटाने अनुरोध भी कर रहे हैं।

अभियान के तहत राजनांदगांव राजनांदगांव ग्रामीण क्षेत्र के 70 उपभोक्ताओं के कनेक्शन जिन पर 11 लाख रुपए की राशि बकाया था, ऐसे बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन बकाया भुगतान नहीं किए जाने पर काट दिए गए हैं।

उन्होंने बकायेदार उपभोक्ताओं से अपील करते कहा कि विद्युत देयकों का भुगतान नियमित रूप से करें, ताकि विच्छेदन की कार्रवाई से होने वाली असुविधा से बचा जा सके। बिजली बिल का नियमित भुगतान नहीं करने पर उपभोक्ताओं को राज्य सरकार की बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ भी नहीं मिल पाएगा, क्योंकि बिजली का नियमित भुगतान नहीं होने से वे स्वतः अपात्र हो जाएंगे।

# विद्यार्थियों ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कान्फ्लुऐंस महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजनाएं इकाई और एक्सटेंशन गतिविधि के अंतर्गत संविधान दिवस पर विशाल संविधान जागरूकता रैली और छात्रों में भाषण प्रतियोगिता की गई। यह दिन भारतीय लोकतंत्र और संविधान की महत्ता को समझने और सम्मानित करने के अवसर प्रदान करता है।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने बताया कि हमारा संविधान सर्वोच्च मानवीय मूल्यों, उत्कृष्ट, लोकतांत्रिक, आदर्श कर्तव्यों का अधिकारों की पावन अभिव्यक्ति है। यह व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित कराने वाले बंधुता बढ़ाने वाली भारत का संविधान है, जो अपने नागरिकों के लिए न्याय स्वतंत्रता जैसे व्यवस्था सुनिश्चित करता है। यह दिन भारतीय संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया जाता है। संविधान दिवस का उद्देश्य लोगों को संविधान की मूल बातों से परिचित कराने आज कॉलेज में विद्यार्थियों द्वारा आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने संविधान से प्राप्त अपने अधिकार और कर्तव्यों पर चर्चा करते विशाल रैली निकाली। रैली का शुभारंभ करते प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने भारत माता की जय, वंदे मातरम और संविधान दिवस अमर रहे के नारा के साथ शुभारंभ कराया। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने बताया कि देश के सभी नागरिकों के लिए लोकतंत्र, समानता, न्याय, स्वतंत्रता और बंधुत्व के साथ मनाया जा रहा है। विद्यार्थियों ने जागरूकता हेतु पार्रीकला में रैली निकाला और इस दिन का महत्व बताया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने विविध कार्यक्रम आयोजित किया। जिससे युवा संविधान में लिखित विषयों से परिचित होंगे। डायरेक्टर आशीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल एवं डॉ. मनीष जैन ने कहा कि यह दिन संविधान की मुख्य वास्तुकार डॉ. बीआर अंबेडकर को सम्मानित करता है तथा संवैधानिक मूल्य अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के प्रमुख अवसर है, जिसे महाविद्यालय के एनएसएस द्वारा पूर्ण किया गया।



# धान खरीदी में किसानों के साथ हो रहा षड्यंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश में हो रही समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के मामले को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार पर कांग्रेस पदाधिकारी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते धान नहीं खरीदने केंद्रों में बारदानों की कमी बताकर किसानों को परेशान किए जाने का आरोप लगाया है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार इस बार 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य बनाया है। इसके लिए 14 नवंबर से 31 जनवरी तक का समय निर्धारित है। उन्होंने कहा कि शनिवार, रविवार और सरकारी छुट्टियों को घटाकर महज 47 दिन ही धान खरीदी हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन सरकार लगभग साढ़े 3 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी करेगी, तब जाकर लक्ष्य पूरा होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिस रफ्तार से धान की खरीदी हो रही है, उसमें लक्ष्य प्राप्त करना संभव नहीं लग रहा है। कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में प्रदेश कांग्रेस महामंत्री शाहिद भाई, थानेश्वर पाटिला, जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, जिला कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे सहित अन्य कांग्रेसी पदाधिकारी उपस्थित थे।




### अनावरी रिपोर्ट में गड़बड़ी

कांग्रेस कमेटी द्वारा आरोप लगाया गया है कि अनावरी रिपोर्ट गलत बनाया जा रहा है। जिसके आधार पर मात्र 9 से 12-14 क्विंटल धान खरीदा जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान नहीं खरीदा जा रहा है। सोसायटियों में बारदाने की कमी बताकर 50 प्रतिशत बारदाना किसानों को लाने कहा जा रहा है। इस कारण धान खरीदी बाधित हो रही है।

### नहीं आ रहा पूरा पैसा

प्रदेश सरकार ने यहां घोषणा किया है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आएगा, लेकिन जो किसान 14 नवंबर को धान बेचे थे, उनके खाते में रकम नहीं आई है और जो रकम आ रही है वह एकमुश्त नहीं है। उन्होंने कहा कि सिर्फ समर्थन मूल्य 2300 रुपए प्रति क्विंटल ही पैसा आ रहा है।

### किसानों से धोखा करने का आरोप

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों का हक मारकर उनकी जेब में डाका डाल रही है। प्रदेश की भाजपा सरकार ने अपनी घोषणा पत्र में जो गारंटी दी है, उसे पूरा करें। उन्होंने कहा कि अपने संकल्प पत्र में 3100 रुपए में धान खरीदी करने का वादा सरकार ने किया था और अभी केंद्र सरकार ने 117 रुपए समर्थन मूल्य बढ़ाया है। इस हिसाब से भाजपा की सरकार को 3217 रुपए में प्रदेश के किसानों से धान की खरीदी करनी चाहिए।

पृष्ठ 09 का शेष

### बुजुर्ग महिला की

और जांच पडताल शुरू की। बताया गया कि महिला के सिर पर गंभीर चोंट के निशान है। जिससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि महिला पर घातक हमला किया गया है। इधर ऐसी भी आशंका जताई जा रही हे कि किसी अन्य स्थान पर हत्या कर महिला के शव को यहां पर फेंका गया है। बहरहाल पुलिस मामले की जांच पडताल कर रही है। बताया गया कि इस मामले में कुछ संदेहियों से पूछताछ भी की जा रही है। इधर डोंगरगांव में हुए उक्त घटनाक्रम से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी होने पर घटना स्थल पर बडी संख्या में लोगों की उपस्थिति बनी रही।

# संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजित



**राजनांदगांव।** मिनीमाता शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक राजनांदगावं में संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के शुभारंभ में व्याख्याता नेहा ठाकुर ने भारतीय संविधान के महत्व और संविधान सभा के गठन पर विस्तृत जानकारी दी।

इसके उपरांत भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। जिसमें छात्राओं और अधिकारियों ने सहभागिता की। प्रश्नोत्तरी एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता ऑनलाइन माध्यम से संपन्न की गई। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं ने भारतीय संविधान से जुड़ी अपनी जानकारी को परखा और महत्वपूर्ण तथ्यों को समझा। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख डॉ. एमके चौबे, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी हेमलता लहरे, इशान साहू, स्मिता सोनपापरे, हुमिका ताम्रकार, डॉ. हरनीत कौर भाटिया, डॉ. सविता चौधरी, केदार सिंह राजपूत, प्रशांत शर्मा और अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नाबालिग से कुकर्म आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव


एक नाबालिग से कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत 29 नवंबर को आवेदिका द्वारा अपनी पुत्री के साथ हुए घटना के संबंध में एक लिखित आवेदन पेश किया है कि ग्राम खिलोरा निवासी आरोपी चंदन पटेल उम्र 22 वर्ष ने प्रार्थिया की नाबालिग पुत्री को फोन कर तुम से प्यार करता हूं कहकर नहीं मानने पर डरा-धमकाकर व चाकू दिखाकर नाबालिग व परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी देकर आरोपी प्रार्थिया के नाबालिग पुत्री के साथ जबर्दस्ती शारीरिक संबंध बनाया है। पुलिस ने इस मामले में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पुलिस ने आरोपी को ग्राम मुरमुंदा में रिश्तेदार के यहां से गिरफ्तार कर 30 नवंबर को माननीय न्यायालय के समक्ष रिमांड हेतु पेश किया गया।

# आरक्षक भर्ती की जानकारी सीएम व गृहमंत्री को न होना संभव नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा ने आरक्षक भर्ती मामले में कड़ी प्रतिक्रिया देते कहा कि उच्च न्यायालय के भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगने से अभ्यर्थियों को हो रही परेशानी के साथ-साथ सरकार की भी पोल खुल गई है व छत्तीसगढ़ शासन की देशभर में बदनामी भी हुई है।



एक्सटेंशन पर चल रहे प्रदेश के डीजीपी द्वारा अवर सचिव को पत्र लिखा गया। जिसमें पुलिस विभाग के कर्मियों के परिजनों को फिजिकल टेस्ट में विभिन्न बिंदुओं पर प्राथमिकता देने की बात कही गई, जो मान भी ली गई और नियमों को ताक पर रख चयन प्रक्रिया भी शुरू हो गई, किंतु मुख्यमंत्री व गृहमंत्री को इसकी कोई जानकारी नहीं, यह किसी हाल में संभव नहीं है।

ऐसे में शासन का रवैया इसमें पूर्णतः सवालों के घेरे में है या तो अगर पहले से जानकारी थी तो क्या जान बूझकर प्रक्रिया शुरू की गई। जिससे आगे जाकर मामला कोर्ट में अटके या सुनियोजित तरीके से चुनिंदा लोगों को चयनित करने की बड़ी साजिश रची जा रही थी। इस मामले पर जल्द से जल्द कार्रवाई होनी चाहिए व चयन की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ की जानी चाहिए, क्योंकि शासन-प्रशासन की नाकामी का भुगतान अभ्यर्थी भुगते यह बिल्कुल उचित नहीं है।

# कलेक्टर-एसपी ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति एवं पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने बीते दिनों जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेकर जिले में सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने और सड़क दुर्घटना रोकने सभी प्रकार के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि आकस्मिक मौत परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि जिले के अंतर्गत दुर्घटना जन्य स्थानों का चिन्हांकन कर दुर्घटना को रोकने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें। पुलिस अधीक्षक सिंह ने आवश्यकतानुसार गति अवरोधक बनाने, दुर्घटनाजन्य स्थल पर रेडियम प्लेट लगाने, क्षतिग्रस्त सड़कों का मरम्मत करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य मार्गों पर अवैध कब्जा और अतिक्रमण को हटाने निर्देशित किया गया है। सड़क दुर्घटना को रोकने की दिशा में दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट अनिवार्य से पहने एवं चार पहिया वाहनों को सीट बेल्ट बांधने जनजागरूकता लाने कहा गया है। साथ ही लोगों को यह समझाइश देने कहा गया है कि शराब सेवन कर वाहन ना चलाएं। शराब सेवन कर दो पहिया और चार पहिया वाहन चालकों पर जुर्माने की कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने एक नई परंपरा की शुरुआत करते विभिन्न दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की सहायता करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने कहा गया है।

उल्लेखनीय है कि अज्ञात वाहन से दुर्घटना के चलते मृत्यु हो जाने की दशा में 2 लाख रुपए एवं घायल हो जाने पर 50 हजार रुपए सहायता राशि देने का प्रावधान है। बैठक में ग्राम पंचायत धोबेदंड के पास जिंग जैग बैरिकेड लगाने पर विचार किया गया है। नल-जल योजना अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने के दौरान खोदे गए गड्ढे को ठेकेदार के माध्यम से शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए है। ऐसे सड़कों को खोदकर खुला छोड़ देने और मरम्मत नहीं किए जाने पर संबंधित ठेकेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।



### वाहन के साथ हेलमेट अनिवार्य

कलेक्टर ने जिले में मोटर साइकिल विक्रेता एजेंसियों को वाहन विक्रय के दौरान हेलमेट अनिवार्य रूप से वाहन क्रयकर्ता को निर्धारित राशि के साथ मुहैया कराने एजेंसियों को निर्देशित करने कहा है। बिना लाइसेंस के वाहन चालकों पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी वाहन चालकों के लिए ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य किया गया है। लोगों को आसानी से ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की सुविधा मिल सके, इसके लिए समय-समय पर लर्निंग लाइसेंस बनाने हेतु शिविर का आयोजन करने कहा गया है।



RJGN_BHOOMI_01_2024-05_Layout 1 30-11-2024 22:51 Page 1



## खबर संक्षेप

### ढाई लाख की लागत से सीसी रोड बनने के बाद ग्रामीणों को मिली राहत



**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत बरबसपुर में हरि कोसरिया के घर से रामरतन कुर्रे के घर तक सीसी रोड निर्माण कराया गया, ग्राम पंचायत बरबसपुर सरपंच श्रीमती रूप बाई किशन बंजारे ने द्वारा ढाई लाख रुपए की लागत राशि से कार्य पूर्ण कराया गया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार पक्की सीसी रोड निर्माण कार्य से ग्रामीणों को आवागमन करने में बुनियादी सुविधा तथा रहवासियों को लथपथ कीचड़ से राहत मिली।

### जिले के सीमावर्ती चेकपोस्ट में अवैध धान परिवहन पर कड़ी निगरानी करने के निर्देश

# कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करने दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शनिवार को कलेक्टर सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर तहसीलवार राजस्व से संबंधित प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने धान खरीदी की व्यवस्था और उसकी प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर डॉ मोनिका कौड़ो, पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर, बोड़ला एसडीएम विनय पोयाम, अनुपम टोप्पो, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती गीता रायस्त सहित सर्व तहसीलदार उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री वर्मा ने राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश देते हुए कहा कि आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लंबित प्रकरणों की संख्या को कम करने के लिए अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ काम करने के निर्देश दिए।

उन्होने कहा कि जनता से जुड़े मामलों में विशेष संवेदनशीलता बरती जाए और प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मामलों की नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व मामलों का त्वरित निपटारा प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए, क्योंकि ये सीधे तौर पर आम नागरिकों से जुड़े होते हैं। प्रत्येक अधिकारी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रहे। उन्होंने सभी अधिकारी को पूरी गंभीरता और ईमानदारी के साथ अपने कार्यों का निष्पादन करने के निर्देश दिए



#### चेकपोस्ट में कड़ी निगरानी रखी जाए

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि धान खरीदी शासन की सबसे प्राथमिकता में शामिल है। धान बेचने में किसी भी किसान को दिक्कत नहीं होने चाहिए, उन्होंने निर्देश दिए कि सभी धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी लगातार होनी चाहिए, किसी भी केंद्र में बंद होने की शिकायत नहीं होनी चाहिए, उन्होंने कहा कि पर्याप्त बारदाना उपलब्ध है, किसी भी केंद्र में बारदाना की कमी होने पर जानकारी दे। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी उचित मूल्य की दुकानों से बारदाने एकत्रित करे। कलेक्टर ने कहा कि कबीरधाम जिला राज्य के अंतिम सीमावर्ती क्षेत्र होने से अन्य राज्य एवं अन्य जिलों से अवैध रूप से धान का परिवहन कर उपार्जन केन्द्रों में धान खपाएं जाने की आशंका होती है। उन्होंने चेकपोस्ट में कड़ी निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की समस्या न हो और तौल प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे।

# मीनाक्षी ध्रुर्वे ने सीसी रोड निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शनिवार को जनपद पंचायत कवर्धा क्षेत्रांतर्गत जनपद सदस्य श्रीमती मीनाक्षी आसकरण ध्रुर्वे ने ग्राम पंचायत रेंगाखार खुर्द के आश्रित ग्राम कोडार में मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद से हरी पटेल के घर से विजय के घर के तक 7 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। पूर्व जनपद सदस्य कुंभकरण गोंड़ ने बताया कि नदी के किनारे हरि पटेल के घर के पास पटेल मोहल्ला में बारिश के दिनों में गली कीचड़ से लथफथ होने से राहवासियों व मोहल्ले वासियों को आवाजाही में भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ता था, वहीं सीसी रोड निर्माण कार्य के बाद ग्राम कोडार वासियों को कीचड़ से निजात व आवागमन मे राहत मिलेगी। इस दौरान श्रीमती मीनाक्षी आसकरण ध्रुर्वे, जनपद सदस्य विजय बाचकर, सरपंच परस पटेल, दौलत पटेल, सहस राम पटेल, गोपी पटेल, जोहन पटेल, खेलन पटेल, गिरधारी, सुंदर, विजयराम, रामभजन, अनीता मानिकपुरी, बलराम, अरुण, राजेश, आलोक पटेल, नवधा पटेल, कुंभकरण, संजय बाचकर, प्रमोद चंद्रवंशी, रितकुंवर, गोतरहिन निषाद, कुमारी बाई, निर्मला बाई, देवकुमारी, मीना पटेल, जयंतीन बाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी गण उपस्थित थें।



### क्षेत्र में ग्रामीण किसान आधुनिक पद्धति से गन्ना फसल बोआई कार्य में जुटें



**हरिभूमि कोलेगांव।** शहर सहित क्षेत्र में ग्रामीण किसानों द्वारा धान फसल के साथ-साथ क्षेत्र में गन्ना फसल की अच्छी पैदावार होने से अधिकांश किसान गन्ना फसल की खेती किसानी जोरों पर की जा रही है। विकासखंड पंडरिया ग्राम भगतपुर निवासी किसान सालिक चंद्रवंशी द्वारा आधुनिक नई पद्धति से गन्ना फसल की बोआई का कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्रामीण किसान पहले खेतो की जुताई कर गन्ना फसल की पैदावार करते थे, लेकिन वहीं ग्राम भगतपुर निवासी अनुभवी किसान सालिक चंद्रवंशी सहित आसपास क्षेत्र के किसान इस बार गन्ना फसल की बोआई कार्य खेत में गड्ढे व खुदाई कर आधुनिक नई पद्धति से गन्ना फसल की बोआई किया जा रहा है जो कि ग्रामीण क्षेत्र में चर्चा का विषय है।

# गरीब, मजदूर परिवार को पीएम आवास मिलने से हितग्राहियों के चेहरे खुशी से खिल उठें



■ ग्रामीण परिवार को गर्मी व बरसात से मिलेगा निजात।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण गरीब व मजदूर परिवार को पक्का मकान मिलने से गरीब मजदूर परिवार हितग्राहियों को उनकी आशियाना व सपना साकार हो रही है। वहीं गांव-गांव में गरीब परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्का आवास मिलने लगे हैं, जिनके कारण से गरीब हितग्राही के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार पक्का मकान बनाने के लिए क्षेत्र के ग्रामीण किसान व मजदूर परिवार हितग्राही खपरैल व बासंबल्ली झोपड़ी घर को तोड़ कर पक्का मकान बनाने के काम में जुट गए हैं। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन का आभार व्यक्त किया कि गरीब परिवार की सपनों को साकार करने पक्का मकान दिया जा रहा है जिससे ग्रामीण हितग्राही बांस-बल्ली व झोपड़ी नुमा घर पर गुजर बसर करने मजबूर था।

ग्रामीण हितग्राहियों ने बताया कि पांच वर्ष के बाद अब गरीब परिवार को केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार द्वारा गरीब परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्का आवास मिलने व काम काज में जुटे हुए है। जिससे गांव-गांव में पीएम आवास योजना के तहत निर्माण कार्य शुरू हो गई है जिससे ग्रामीण गरीब व मजदूर परिवार को बरसात व गर्मी हितग्राही को राहत मिलेगी। वहीं ग्राम बीजाझोरी, राम्हेपुर, चंडालपुर, हरिनछपरा, दौजरी, सारंगपुर खुर्द, डबराभाट, बरबसपुर, घुकसा सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीणो को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलाने लगे हैं, जिससे ग्रामीण गरीब किसान व मजदूर परिवार के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं साथ ही साथ पूरे परिवार में उत्साह नजर आ रहे हैं।

# ग्रापं भगतपुर-धनेली में मितानिनों को श्रीफल भेंटकर किया सम्मानित



■ क्षेत्र व समाज में मितानिन दीदियों का सराहनीय योगदान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत भगतपुर-धनेली शनिवार को ग्राम पंचायत भवन भगतपुर में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी ग्राम पंचायत द्वारा मितानिन दीदियों का सम्मान किया गया। जिसमें ग्राम भगतपुर-धनेली में अपने सेवा दे रही क्षेत्र के एमटी श्रीमती उमा साहू सहित कार्यरत मितानिनों को ग्राम पंचायत भगतपुर द्वारा कंबल एवं श्रीफल से भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान सरपंच श्रीमती बुधन ध्रुर्वे, उपसरपंच गौतम साहू, सचिव उत्तरा कुर्रे एवं ग्राम पंचायत भगतपुर-धनेली के समस्त पंचगण व गणमान्य नागरिक तथा ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

# दौजरी के छात्राओं ने खो-खो व कबड्डी खेल में दिखाएं प्रतिभा

■ खेलकूद से विद्यार्थियों में जूनून व हौसला बढ़ता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

विकासखंड कवर्धा अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दौजरी में शनिवार को छात्र छात्राओं में खेल कूद का जुनून व उनकी प्रतिभा को निखारने स्कूल परिषर में खो-खो व कबड्डी सहित अन्य खेलकूद में विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी प्रतिभाओं को दिखाएं जिसके कारण छात्र-छात्राओं में खेल-कूद का जुनून व हौसला बढ़ता है। इस दौरान प्रधान पाठक संतोष सिंह ठाकुर, दुर्गा प्रसाद चंद्रवंशी, रामविकास वर्मा, सीमा ठाकुर एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं व उपस्थित थें।



## पर्यावरण जागरुकता कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शनिवार बैगलेश डे पर पर्यावरण जन-जागरूकता अभियान अंतर्गत पौधों को खाद-मिट्टी, पानी देना व निदाई कार्य किया गया। जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने महत्वपूर्ण सहभागिता निभाई । पर्यावरण सुरक्षा के महत्त्व पर परिचर्चा करते हुए प्रधान पाठक नंदकुमार शर्मा ने बताया कि हमे पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए जल को स्वच्छ रखना चाहिए, वृक्षारोपण व वन्यजीवों की सुरक्षा करना तथा ध्वनि प्रदूषण रोकने के साथ-साथ जो भी जरुरी कदम हो उठाने चाहिए। उक्त अवसर पर प्रधान पाठक नंदकुमार शर्मा, शिक्षक परमानंद ध्रुर्वे सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## बिना बोर्ड लगाएं लाखों का निर्माण कार्य, जिम्मेदार अधिकारी मौन

**हरिभूमि कोलेगांव।** किसखंड पंडरिया के ऐसे कई ग्राम व आसपास क्षेत्र जहां लाखों रुपए की लागत से निर्माण कार्य जोर शोर से शासन प्रशासन व जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कराया जा रहा है। क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर बोर्ड लगाए बगैर ही विभिन्न कार्य कार्य निर्माण एजेंसी द्वारा किया जाता है। कार्य स्थल पर संबंधित बोर्ड नहीं लगाएं जाने की वजह से लोगों को संबंधित योजना की जानकारी नहीं हो पाती है। ऐसे में कार्य एजेंसी द्वारा मनमाना ढंग से कार्यों को अंजाम दिया जा रहा हैं। कई लोगों ने बताया कि कार्य से पूर्व बोर्ड लग जाने की स्थिति में लोग वहां हो रहे कार्यों की गुणवत्ता सहित अन्य चीजों को देखने लगते हैं। इससे बचने के लिए ठेकेदार द्वारा कार्य से पूर्व बोर्ड नहीं लगाया जाता है। जबकि प्रावधान के अनुसार कार्य शुरु करने से पूर्व स्थल पर बोर्ड लगाना अनिवार्य है। इसमें निर्माण से संबंधित सारी जानकारी देनी होती है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से मांग कर निर्माण कार्य कराने वाले एजेंसी को कार्य की जानकारी व योजना तथा बिना बोर्ड लगाए निर्माण कार्य जोर शोर एवं धड़ल्ले से किया जा रहा है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व जिम्मेदार अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा जांच कर कार्यवाही की मांग की गई ताकि ग्रामीणों को पता चल सके कि निर्माण कार्य कौन से मद से क्या काम होना है? साथ ही साथ कितनी लागत राशि से निर्माण कार्य किया जा रहा है लगाया जा है लेकिन क्षेत्र में निर्माण कार्य एजेंसी द्वारा बीना बोर्ड लगाए निर्माण कार्य जोरों पर किया जा रहा है। जिस पर शासन प्रशासन से मांग कर निर्माण कार्य एजेंसी को बोर्ड लगवाएं जाने सहित जांच की मांग की गई।

**पाठक सूचना**

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071

### जल जीवन मिशन से ज्ञानपुर में हर घर जल का सपना हुआ साकार

# प्रशासन की पहल से मिली ग्रामीणों को जल संकट से मुक्ति




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम ज्ञानपुर ने हर घर जल के सपने को साकार कर जल संकट से हमेशा के लिए मुक्ति पा ली है। मुख्यमंत्री नेतृत्व में राज्य सरकार ने पीएम नरेंद्र मोदी की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन को गांव तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया, जिसका नतीजा आज ग्रामीणों के जीवन में दिख रहा है। ग्राम ज्ञानपुर में लंबे समय से जल संकट की गंभीर समस्या से जूझ रहा था। गर्मी के दिनों में बोर सूख जाने से ग्रामीणों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ता था। यह समस्या न केवल समय और ऊर्जा की बर्बादी करती थी, बल्कि स्वास्थ्य और स्वच्छता पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती थी। इस समस्या का स्थायी समाधान आज जल जीवन मिशन से हो गया है। मुख्यमंत्री ने राज्य के हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लक्ष्य को प्राथमिकता दी। उनके निर्देश पर ज्ञानपुर में जल जीवन मिशन के तहत 96.59 लाख रुपए की लागत से व्यापक परियोजना शुरू की गई। जिसके तहत ज्ञानपुर में 50 हजार लीटर क्षमता का उच्चस्तरीय जलागार बनाया गया। 2,600 मीटर पाइपलाइन बिछाई गई। सभी 196 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन दिया गया और प्रतिदिन सुबह और शाम दो-दो घंटे पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की गई। इस परियोजना ने ग्रामवासियों के जीवन में अभूतपूर्व बदलाव लाया है। गांव की बुजुर्ग महिला सुशीला देवी ने बताया कि पहले पानी के लिए दूर जाना पड़ता था। गर्मी के दिनों में तो हालत और भी खराब हो जाती थी, लेकिन अब नल में पानी देखकर दिल को सुकून मिलता है। मुख्यमंत्री का यह प्रयास हमारे लिए किसी वरदान से कम नहीं। वहीं युवा किसान रमेश कुमार का कहना है कि अब हमें सिंचाई और घरेलू उपयोग के लिए पानी आसानी से मिल जाता है। समय की बचत होने से हम खेती और अन्य कामों पर ध्यान दे पा रहे हैं।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
130+ CENTRES PAN INDIA
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH | TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम

**कवर्धा।** ग्राम सैगोन में स्थित भोरमदेव नशा मुक्ति और पुनर्वास केंद्र द्वारा नशा छुड़ाने के लिए निःशुल्क सेवाएं प्रदान की जाती हैं। इस अवसर पर केंद्र की अध्यक्ष श्रीमती शोभना यादव और परियोजना समन्वयक श्रीमती अर्चना यादव के मार्गदर्शन में जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम ने बच्चों और शिक्षकों को नशा मुक्ति की दिशा में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। जागरूकता कार्यक्रम में बताया गया कि नशे की लत, जैसे अफीम, चरस, गांजा, हेरोइन, कोकेन आदि नशीले पदार्थों का सेवन, व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाता है। यह पारिवारिक तनाव और सामाजिक विघटन का कारण बनता है।

### पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित

**कवर्धा।** नगर के कर्मचारी भवन में शनिवार दोपहर 2 बजे छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों का संभागीय बैठक आयोजित की गई।जिसमें नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दीपक ठाकुर सहित पूरी कार्यकारिणी ने शपथ ग्रहण किया। प्रांताध्यक्ष जीआर चंद्रा द्वारा मुख्य संरक्षक पीआर यादव की उपस्थिति में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाई। बैठक में संभाग के सभी जिले दुर्ग, खैरागढ़, राजनांदगांव, बेमेतरा, मानपुर-मोहला, बालोद, कबीरधाम के जिलाध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे। सभी जिलाध्यक्षों ने जिले में चल रहे सदस्यता अभियान,संगठन की गतिविधि तथा कर्मचारियों के संबंध में जानकारी प्रदान किया। प्रांतीय संरक्षक पीआर यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि सभी सदस्य आजीवन सदस्यता व वार्षिक सदस्यता का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करें।उन्होंने सभी विभाग के कर्मचारियों को संघ में जोड़ने की बात कहते हुए संगठन को मजबूत बनाने की बात कही। उन्होंने सभी समस्याओं के निराकरण के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने की बात कही।प्रांताध्यक्ष जीआर चंद्रा ने नए कार्यकारिणी को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि संगठन में ही शक्ति है।उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने की अपील की।

# भाजपा सरकार षड़यंत्र और किसान विरोधी नीतियों के तहत कर रही है धान खरीदी : ममता चन्द्राकर

- धान खरीदी को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर लगा गई गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा की जा रही समर्थन मूल्य में धान खरीदी को लेकर शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने स्थानीय कांग्रेस भवन में एक प्रेसवार्ता आयोजित की और सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए। प्रेसवार्ता में उपस्थित पंडरिया की पूर्व विधायक श्रीमती ममता चन्द्राकर ने कहा कि प्रदेश की पूर्ववर्ति भूपेश सरकार ने प्रदेश के किसानो की सुख समृद्धि की मंशा से कार्य करते हुए धान का समर्थन मूल्य 3000 हजार रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया था और इसका भुगतान भी किया गया। इसके अलावा भूपेश सरकार ने किसानो से सम्मानजनक ढंग से उनकी मंशा के अनुरूप समर्थन मूल्य में धान खरीदी को लेकर एक बेहतर नीति निर्धारित की थी। जिसके आधार पर किसानो से धान खरीदी बिना किसी व्यवधान के की जाती रही है। लेकिन जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार काबिज हुई है किसान विरोधी नीतियों पर काम किया जा रहा है। उन्होने आरोप लगाया कि सरकार कम से कम धान की खरीदी हो इसके लिए षड़यंत्र कर रही है। उन्होने कहा कि इस बार160 लाख मिट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है। इसके लिए 14 नवंबर से 31 जनवरी तक का समय निर्धारित है। शनिवार, रविवार और सरकारी छुट्टियों को घटाकर कुल 47 दिन ही खरीदी हो पाएगी। इसका मतलब यह है कि प्रतिदिन सरकार को लगभग साढ़े तीन लाख मिट्रिक टन की खरीदी प्रति दिन करनी होगी, तब जाकर लक्ष्य पूरा होगा। उन्होने कहा कि वर्तमान में जिस रफ्तार से धान खरीदी हो रही है उसमें लक्ष्य प्राप्त करना असंभव लग रहा। सोसायटियो को निर्देश है कि एक दिन में अधिकतम 752 क्विंटल यानी 1880 कट्टा धान ही खरीदा जाना है। ऐसे में एक किसान का शेष धान के लिए उसको आगामी दिनों की तारीख दी जा रही है। सरकार ने यह घोषणा किया है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आयेगा, लेकिन जो लोग 14 नवम्बर को धान बेंच चुके है, उनके खातों में अब तक रकम नहीं आई है, जो रकम आ रही है वह एक मुस्त 3100 रूपए नहीं है। किसानो के खातों में सिर्फ 2300 रूपए प्रति क्विंटल के भाव से राशि का भुगतान किया जा रहा है। पूर्व विधायक ममता चन्द्राकर ने कहा कि अनावरी रिपोर्ट गलत बनाया जा रहा जिसके आधार पर मात्र 9 से 12-14 क्विंटल धान खरीदा जा रहा। किसानो से पूरा 21 क्विंटल धान नहीं खरीदा जा रहा है। बीज उत्पादक किसानों से सोसायटी में धान नहीं खरीदा जा रहा। सोसायटी में सूचना चस्पा किया गया है कि बीज उत्पादक किसानों का धान नहीं लिया जायेगा। उन्होने कहा कि धान खरीदी प्रारंभ होने के महज हप्तेभर बाद से ही सोसायटी में बारदाना की कमी होने लगी है, किसान परेशान है। सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिशत नए और 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाए। जबकि 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है। जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। इसी प्रकार किसानो को अनावश्यक रूप से परेशान करने की नियत से धान खरीदी केन्द्रो में टोकन जारी नहीं किया जा रहा है किसान घंटो खड़े रहते है। आनलाईन टोकन सिस्टम के कारण किसानों को 15 दिन बाद का भी टोकन नहीं मिल रहा है। जिससे साफ जाहिर है कि सरकार इस मंशा से काम कर रही है कि किस ढंग से कम से कम धान की खरीदी हो और उसे किसानो को कम से कम भुगतान करना पड़े। प्रेसवार्ता में सीमाअगम अनंत, लालजी चन्द्रवंशी, गोपाल चन्द्रवंशी आदि उपस्थित थे।

### 3217 रूपए प्रति क्विंटल के भाव से हो एक मुस्त भुगतानः होरीराम साहू



वहीं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू ने प्रेसवार्ता में कहा कि सरकार किसानो को धान की कीमत का भुगतान 3217 रूपए प्रति क्विंटल के भाव से एक मुस्त करे। क्योंकि भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था किसानों को प्रति क्विंटल 31 सौ रूपए दिया जाएगा। जबकि केन्द्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रूपए बढ़ा दिया है। इस लिहाज से प्रदेश सरकार को धान की खरीदी 3100 रूपए से बढ़ाकर 3217 रूपए में करनी चाहिए। उन्होने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में भी कांग्रेस ने धान का समर्थन मूल्य 2500 देने का वादा किया था लेकिन समर्थन मूल्य बढ़ने पर कांग्रेस ने 2640 रूपए में धान खरीदी की थी।

### धान उपार्जन की नीति को भाजपा सरकार ने बदला

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार ने कांग्रेस शासनकाल में बनाई गई धान उपार्जन की नीति को बदल दिया है। नई नीति के अनुसार 72 घंटे में बफर स्टॉक के उठाव की नीति को बदल दिया है। पहले इस प्रावधान के होने से समितियों के पास ये अधिकार होता था कि वे समय सीमा में उठाव न होने पर चुनौती दे सकें । अब जो बदलाव हुआ है उसके बाद बफर स्टॉक के उठाव की कोई सीमा ही नहीं है। धान खरीदी केन्द्रो में जगह की कमी आ रही है। पहले मार्कफेड द्वारा समस्त धान का निपटारा 28 फरवरी तक कर देने की बाध्यता रखी गई थी लेकिन अब इसे बढ़ाकर 31 मार्च कर दिया गया है। जबकि धान खरीदी 31 जनवरी को समाप्त हो जाएगी यानी समितियों/ संग्रहण केंद्रों में धान अब दो महिने तक रखा रहेगा। धान मिलिंग के लिए कांग्रेस सरकार ने प्रति क्विंटल 120 रुपए देने का निर्णय लिया था। जिसका परिणाम यह हुआ था कि प्रदेश भर में 700 नई राइस मिलें खुली थीं।

**मौत:** 20 नवम्बर को बेटियों के ससुराल जाने निकला था घर से

# खेत में पड़ा मिला बुजुर्ग का शव, आत्महत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

ग्राम दशरंगपुर क्षेत्र में शनिवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब स्थानीय ग्रामीणों ने गांव के खेत में एक बुजर्ग का शव पड़ा देखा। बताया जाता है कि बुजुर्ग का शव तीन चार दिन पुराना है। ग्रामीणों से सूचना पाकर मौके पर पहुंची दशरंगपुर पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर लिया है और उसकी पहचान दीपक चन्द्राकर पिता मिलन चन्द्राकर आयु 74 वर्ष निवासी ग्राम बुधिया के रूप में की गई है। दशरंगपुर पुलिस मृतक के शव, घटना स्थल की स्थिति परिस्थिति को देखते हुए प्रथम दृष्या इसे आत्महत्या मान रही है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आखिर 74 साल के बुजुर्ग को ऐसी क्या तकलीफ थी या ऐसे कौन सी वजह थी कि उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने घटना स्थल से एक कीटनाशक दवा का डिब्बा भी बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बुधिया निवासी दीपक चन्द्राकर पिता मिलन चन्द्राकर आयु 74 वर्ष गत 20 नवम्बर को अपने परिजनो को यह कहकर घर से निकला था कि वह ग्राम करही व सूखाताल में रखने वाली बेटियों के यहां जा रहा है। लेकिन दीपक न तो सूखाताल में रहने वाली अपनी बेटी के घर पहुंचा और न ही ग्राम करही पहुंचा। इस बीच निश्चिंतंत परिजनो ने भी बुजुर्ग की सुध नहीं ली, वे यही मान रहे थे कि दीपक अपनी बेटी के घर में पहुंच गया है। लेकिन शनिवार की सुबह जब ग्राम दशरंगपुर के एक खेत में किसी बुजुर्ग के शव मिलने की बात सामने आई तो दूसरे ग्रामीणों की तरह दीपक का पुत्र भी मौके पर पहुंच गया और जब उसने मृतक के शव को देखा तो उसके होश उड़ गए क्योंकि मृतक उसका पिता था। बाद में इसकी जानकारी तत्काल दशरंगपुर पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर लिया है। वहीं अब आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### घटना स्थल में मिला कीटनाशक दवा का डिब्बा



इस संबंध में दशरंगपुर के एएसआई संदीप तिवारी ने बताया कि शनिवार की सुबह करीब 8.00 बजे चौकी पुलिस को ग्राम दशरंगपुर से करीब दो किलो मीटर दूर छापर में शंकर साहू के खेत में एक बुजुर्ग का शव पड़ा होने की सूचना मिली। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर लिया। वहीं शव के पास ही पुलिस को कीटनाशक दवा का एक डिब्बा भी मिला है। जिसे देखकर प्रथम दृष्या इस बात की आशंका व्यक्त की जा रही है कि मृतक बुजुर्ग ने कीटनाशक दवा का सेवन कर आत्महत्या की है। हालांकि इस बात की पुष्टि पीएम रिपोर्ट के बाद ही हो पाएगी। बहरहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

# बोड़ला के मंदिर में तोड़फोड एक प्रतिमा भी गायब



- लोगों ने जानकारी के बाद थाना में दर्ज कराई शिकायत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

जिले में सनातनियों की आस्था से खिलवाड़ का एक और मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत बोड़ला मुख्यालय में स्थित एक मंदिर में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा शिव जी की प्रतिमा को खण्डित किया गया है वहीं मंदिर में स्थापित मां काली की प्रतिमा को गायब कर दिया गया है। इस बात की जानकारी शनिवार की सुबह होने के बाद स्थानीय लोगों ने बोड़ला थाना पहुंचकर घटना की जानकारी पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत बोड़ला में अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के सामने मिलन चौक में स्थित एक मंदिर में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने मंदिर में स्थापित भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा को खंण्डित कर दिया है वहीं मंदिर में स्थापित मां काली की प्रतिमा गायब बताई जा रही है। इस घटना की जानकारी लोगों को शनिवार की सुबह उस समय हुई जब वे मंदिर में रोज की तरह पूजा करने पहुंचे। लोगों ने मंदिर में स्थापित भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा टूटी फूटी खण्डित अवस्था में देखी वहीं मंदिर के अंदर स्थापित मां काली की प्रतिमा अपने स्थान से गायब थी। मंदिर की इस स्थिति को देख लोगों समझने में वक्त नहीं लगा कि किसी अज्ञात व शरारती तत्व ने यहां उत्पात मचाया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मंदिर में ताला नहीं लगाया जाता है मंदिर हमेशा खुला रहता है। लोग ये नहीं समझ पा रहे हैं कि आखिर किसी ने किस मंशा से इस कृत्य को अंजाम दिया है। बहरहाल लोगों ने इस पूरे मामले की शिकायत बोड़ला थाना में दर्ज करा दी है। जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

# स्थानीय अवकाश को लेकर एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन



- दो लाख विद्यार्थियों व शिक्षकों के स्थानीय अवकाश का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में स्थानीय विधायक कार्यालय में कवर्धा विधायक व छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर ऐसे पर्व व त्यौहार में स्थानीय अवकाश घोषित कराने की मांग किया है, जिससे जिले के स्कूली विद्यार्थियों व शिक्षकों को भी लाभ मिल सके। ज्ञापन को निज सहायक जागेश्वर साहू व नरेंद्र मानिकपुरी ने स्वीकार किया। इस विषय पर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि जिले में कलेक्टर द्वारा प्रत्येक कैलेंडर वर्ष के लिए तीन दिन का स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है। इससे संबंधित पत्र सामान्यतः दिसंबर या जनवरी माह में जारी किए जाते हैं। तीन दिनों के स्थानीय अवकाश में से एक दिन श्रावण मास का प्रथम सोमवार रहता है। शेष दो दिनों का स्थानीय अवकाश ऐसे दिनों में दिया जाता है, जिस समय स्कूल में दशहरा व दीपावली अवकाश रहता है, जिसके कारण इन दो दिनों के स्थानीय अवकाश का लाभ जिले के लगभग दो लाख स्कूली विद्यार्थियों एवं साढ़े छः हजार शिक्षकों को नहीं मिल पाता है। अतः कैलेंडर वर्ष-2025 में श्रावण मास के प्रथम सोमवार के अलावा शेष दो दिनों का स्थानीय अवकाश ऐसे तिथियों में घोषित किया जावे, जिससे जिले के सभी कर्मचारियों-अधिकारियों के साथ स्कूली विद्यार्थियों व शिक्षकों को भी इसका लाभ मिल सके। इसके लिए एसोसिएशन ने मकर संक्रांति, बसंत पंचमी, होलिका दहन, हलषष्ठी, पोला, गणेश चतुर्थी, अनंत चतुर्दशी, देवउठनी एकादशी व शहीद वीरनारायण सिंह बलिदान दिवस में से किसी भी तिथि को स्थानीय अवकाश घोषित करने का सुझाव दिया है। इस दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, केशलाल साहू, गोकुल जायसवाल, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, भूपेंद्र जाटवर, दुर्गा चन्द्रवंशी, लक्ष्मण मिरी, राजकिरण चन्द्रवंशी, विजय लांझियाना, राजेन्द्र निर्मलकर, रामसिंह साहू, नरेंद्र चंद्रोल, शिव धुर्वे आदि उपस्थित थे।

# पायलेट प्रोजेक्ट ऑन स्कूल स्वायल हेल्थ कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कृषि विभाग के उप संचालक अमित कुमार मोहंती के मार्गदर्शन में पायलेट प्रोजेक्ट ऑन स्कूल स्वायल हेल्थ कार्यक्रम का आयोजन पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, उड़ियाकला, कवर्धा में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मृदा स्वास्थ्य के महत्व और सही कृषि पद्धतियों के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र नेवारी, डॉ. बीपी त्रिपाठी और विषय वस्तु विशेषज्ञ बालवृंद परिहार ने मृदा नमूना संग्रहण, विश्लेषण, संतुलित उर्वरक उपयोग, और फसलों के चयन के संबंध में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृदा में जैविक खाद और संतुलित उर्वरकों का उपयोग करने से फसल उत्पादन में वृद्धि और काश्त लागत में कमी लाई जा सकती है। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी महेन्द्र कौशिक ने भी छात्रों को मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और स्कूल स्वायल हेल्थ कार्ड के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों से कृषि के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई, और कबीरधाम जिले की भौगोलिक मृदा संरचना पर भी विद्यार्थियों से विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य एनके लांझेवर, नोडल अधिकारी एवं पीजीटी जीव विज्ञान शुभम गर्ग, वरिष्टतम शिक्षक श्रवण कुमार मिश्रा (पीजीटी रसायन विज्ञान), सारांश कुमार शर्मा, कृषि विकास अधिकारी और सौरभ झा, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। यह आयोजन छात्रों में कृषि संबंधित जानकारी और मृदा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया, जो आगे चलकर स्वस्थ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगा।

## आयोजन...




**कवर्धा।** विद्यार्थियों को मृदा स्वास्थ्य पर दी गई महत्वपूर्ण जानकारी।

**विभागीय अमला देख कर भी कर रहा है अनदेखी**

# जिले में धड़ल्ले से खुलेआम की जा रही है बिजली चोरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा के आसपास के ग्रामों से लेकर प्रायः सभी गांवों में हुकिंग के जरिए जान जोखिम में डालकर चोरी की बिजली का उपयोग करने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। विद्युत विभाग और उसका मैदानी अमला इस गंभीर समस्या को लेकर पूरी तरह लापरवाह दिखाई दे रहा है। इससे शासन को भारी क्षति का सामना करना पड़ रहा है। मजेदार बात यह है कि चोरी की बिजली का धड़ल्ले से उपयोग की जा रही है। वैसे तो चोरी की बिजली का खेल समूचे जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रो में देखा जा सकता है लेकिन हद तब हो जाती है कि जब मुख्य मार्ग के किनारे बसे ग्रामो से होकर गुजरने वाली हाई वोल्टेज विद्युत केवल में ग्रामीणों द्वारा बिजली की चोरी करने के लिए हुकिंग नजर आते हैं। ऐसी स्थिति जिले के ग्राम पोंड़ी से लेकर पंडरिया तथा लोरमी मार्ग में स्थित जिले के अंतिम ग्राम तक साफ देखी जा सकती है। जबकि इन मार्गो में कई विद्युत सब स्टेशन के साथ ही विद्युत विभाग के दफ्तर भी संचालित है और मैदानी अमला भी तैनात किया गया लेकिन ऐसा लगता है कि इस पूरे क्षेत्र में बिजली चोरी का यह गोरख धंधा विभाग की मिलीभगत से चल रहा है। संभवतः यही वजह है कि बिजली चोरी रोकने विभाग की ओर से कोई कार्यवाही नहीं की जाती है।

### हुकिंग से बढ़ रहे है लाइन फाल्ट

लोगों द्वारा बिजली चोरी के लिए आसपास से गुजरने वाले हाई वारेल्टेज विद्युत तार में हुकिंग किए जाने से जहां शासन को राजस्व की हानि हो रही है वहीं लाईन फाल्ट भी बढ़ रहे हैं। इसके अलावा शार्ट सर्किट जैसी घटनाएं सामने आ रही है और लोगों को इसकी बड़ी कीमत भी चुकानी पड़ रही है। अभी मंगलवार को ही पंडरिया क्षेत्र में सार्ट सर्किट के कारण करीब 90 एकड़ में लगी गन्ना की फसल में आग लग गई थी।

## बाल विवाह से बच्चों की उन्नति रूकती है अन्यथा वे उच्च पदों तक जा सकते हैंः राहुल

**कवर्धा।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के मार्गदर्शन एवं निर्देश पर कृषक सहयोग संस्थान की ओर से आयोजित कार्यक्रम बाल विवाह पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। न्याय सब के लिए न्याय पाने का सभी को समान अधिकार उक्त बातें कृषक सहयोग संस्थान की ओर से आयोजित कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राहुल कुमार ने कही। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राहुल कुमार ने कहा कि पढने-लिखने की उम्र में विवाह करना, बच्चों की पढ़ाई को रोकना और उसके सुनहरे भविष्य को अंधकार में धकेलने जैसा है। पढ़-लिखकर बच्चे पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी, चिकित्सक, जज, वैज्ञानिक एवं बड़े उद्योगपति बन सकते हैं किन्तु समय पूर्व विवाह से घरेलू, मानसिक एवं शरीरिक दवब में उनकी तरक्की में बाधा उत्पन्न हो सकती है। पूर्ण मानसिक एवं शारीरिक रूप से परिपक्व होने पर ही विवाह करना चाहिये जिसके लिए उनकी उम्र सीमा भी निर्धारित की गई है। बाल विवाह कानूनन अपराध है ऐसे में 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह गैर कानूनी है और ऐसा करते पाये जाने पर 2 साल की सजा एवं 01 लाख के जुर्माने का प्रावधान है। बाल विवाह हमारे समाज में एक अभिशाप की तरह है। शहरों की अपेक्षा गांवों में बाल विवाह के प्रकरण अधिक मिलते हैं, जिसे रोकने के लिए प्रशासन प्रयत्नशील रहते हैं। कृषक सहयोग संस्थान के समन्वयक ललित कुमार सिन्हा द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव को इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग के अधिकारी कर्मचारी, स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य आरसी बारले, संस्था के सचिव आशु चन्द्रवंशी, राजाराम चन्द्रवंशी, महिला सेल प्रभारी श्रीमती विजया कैवर्त पैरालीगल वालिन्टियर श्रीमती प्रभा गहरवार मौजूद थे।